आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 207 ● कटनी ● बुधवार, 31 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## गणेशोत्सव की शुरुआत

### पीएम मोदी ने दी गणेश चतुर्थी की बधाई कहा-दया भाई चारे की भावना बनी रहे

**मुंबई, नई दिल्ली, एजेंसी।** 10 दिनी गणेशोत्सव का शुरुआत आज से हो गई है। कोरोना महामारी के कारण पिछले करीब 2 साल से गणेशोत्सव फीका रहा था, लेकिन इस बार हालात बदल चुके हैं। यही कारण है कि जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। अगले 10 दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। वहीं गणेश मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ है। हर कोई इस विशेष दिन बप्पा का आशीर्वाद लेना चाहता है। घरों में भी मूर्ति स्थापना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुभ मुहूर्त में स्थापना और आरती होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी और कामना की कि दया और भाईचारे की भावना हमेशा बनी रहे। उन्होंने ट्वीट किया, च्गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं। भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे। दया और भाईचारे की भावना हमेशा बनी रहे। ज्ञान के देवता के जन्म को चिह्नित करने के लिए पूरे देश में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है, जिनकी पूजा कोई भी नया काम शुरू करने से पहले की जाती है।

## कांग्रेस में होगी बड़ी फूट

# जी-23 के नेता मिले आजाद से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस का बागी जी-23 समूह पार्टी की मुश्किलें और बढ़ाता दिख रहा है। गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन में अंदरूनी तौर पर कई बड़े नेताओं में हलचल मचनी शुरू हो गई है। पार्टी के कुछ पुराने और कद्दावर नेताओं ने गुलाम नबी आजाद से मुलाकात भी की है। हालांकि इस मुलाकात को महज सामान्य मुलाकात कहकर राजनैतिक हवाओं की तपिश को कम करने की कोशिश तो की जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि अंदरूनी तौर पर बहुत कुछ पक रहा है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के तो कई बड़े नेताओं ने पार्टी तक छोड़ दी है।

सूत्रों का कहना है कि गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन में भी बड़े बदलाव हो सकते हैं।मंगलवार को पार्टी के सीनियर नेता आनंद शर्मा, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा और पृथ्वीराज चव्हाण ने गुलाम नबी आजाद से दिल्ली में मुलाकात की। ये सभी नेता उस जी-23 का हिस्सा



हैं, जिन्होंने सोनिया गांधी को पार्टी में सुधार के लिए पत्र लिखा था। माना जाता है कि उस लेटर के बाद से ही यह नेता पार्टी में साइडलाइन चल रहे हैं। भले ही तीनों नेताओं ने कहा कि वह गुलाम नबी आजाद के पुराने मित्र हैं और यह मीटिंग औपचारिक थी। लेकिन कयास जरूर लगने लगे हैं।दरअसल हरियाणा में कांग्रेस ने भूपिंदर सिंह हुड्डा को कमान दी है। उनके करीबी उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है और उनकी विरोधी कही जाने वाली कुमारी शैलजा को पद से हटाया गया है। उसके बाद भी हुड्डा का आजाद के खेमे में रहना कांग्रेस को अलर्ट करने वाला है। इसके अलावा जी-23 का ही हिस्सा कहे जाने वाले शशि थरूर भी अलग ही सुर में दिख रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना चाहिए और जितने ज्यादा उम्मीदवार होंगे, उतना ही बेहतर होगा। उनके स्टैंड से यह चर्चा शुरू हो गई है कि वह भी अध्यक्ष पद के चुनाव में उतर सकते हैं। साफ है कि जी-23 समूह पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से मुश्किल बढ़ा रहा है। गुलाम नबी आजाद से मुलाकात के बाद कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी ने अपने रवैये में बदलाव नहीं किया। इसी के चलते आजाद साहब को पार्टी से अलग होने का फैसला लेना पड़ा। इस बीच जी-23 के कुछ और नेता अनौपचारिक मीटिंग कर रहे हैं और जल्दी ही उनकी ओर से भी कुछ ऐलान किया जा सकता है। इन नेताओं के साथ शशि थरूर भी आ सकते हैं। जिनके बारे में चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष के लिए वह चुनाव लड़ सकते हैं। साफ है कि कांग्रेस की मुश्किलें आने वाले दिनों में बागी बढ़ा सकते हैं। यही नहीं गुलाम नबी आजाद ने जो संकट जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के सामने खड़ा किया है, वैसी ही चुनौती हिमाचल प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में भी सामने आ सकती है।



## यीशू की मूर्ति तोड़ी

### तरनतारन के चर्च में गार्ड के सिर पर पिस्तौल रखी, पादरी की कार फूंकी

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब के तरनतारन शहर में एक चर्च में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार रात 12.30 बजे चार आरोपी चर्च में दाखिल हुए। ष्टष्ट्ठञ्जङ्क में दो आरोपी दिखाई दिए, जिन्होंने चर्च के बाहर लगी भगवान यीशू और मां मरियम की मूर्ति का सिर तोड़ दिया। पादरी की कार में भी आग लगा दी। इलाके में तनाव है। तीन दिन पहले जंडियाला के पास गांव में ईसाइयों व निहंगों के बीच झड़प हुई थी।जो 4 लोग चर्च में दाखिल हुए थे उन्होंने गार्ड के सिर पर पिस्तौल रख उसकी बाजू को बांध दिया। चर्च में बनी पहली मंजिल पर माता मरियम और भगवान यीशू की मूर्ति को तोड़ डाला। यह पूरी घटना ष्टष्ट्ठञ्जङ्क में कैद हो गई। आरोपियों ने मूर्ति का सिर अलग किया और उसे उठा कर साथ ले गए। जाते समय आरोपी चर्च के अंदर खड़ी कार को भी आग लगा गए। ईसाई धर्म के लोगों ने बुधवार सुबह पट्टी-खेमकरण राज्य मार्ग को बंद कर दिया है। धरने पर बैठे ईसाई भाईचारे के लोग इंसाफ और आरोपियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## चिनूक हेलिकॉप्टरों में आग का अंदेशा

# अमेरिकी सेना ने रोकी उड़ानें, भारत ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने अपने सारे चिनूक हेलिकॉप्टरों की उड़ानों पर पाबंदी लगा दी है। इनके इंजन में आग लगने के अंदेशे को देखते हुए यह फैसला किया गया है। इधर, भारत में इन ष्ट॥-47 हेलिकॉप्टरों का वायुसेना अब भी इस्तेमाल कर रही है। अमेरिका में पाबंदी को लेकर वायुसेना ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अमेरिकी वायुसेना के फैसले के बाद भारतीय अधिकारियों ने कहा कि मामले की पड़ताल की जा रही है। अमेरिकी सेना के आदेश की जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अधिकारियों के हवाले से दी है।रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना की मटेरियल कमांड ने 70 से अधिक हेलीकॉप्टरों का निरीक्षण करते हुए इसके बेड़े की उड़ानें रोकने का फैसला किया।

सेना के अधिकारियों ने कहा कि इन हेलिकॉप्टरों के इंजन में आग लगने के बारे में



पता चला है। हालांकि इन घटनाओं में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी की मौत हुई। ये हेलिकॉप्टर आमतौर पर सैन्य साजो सामान की ढुलाई व राहत व बचाव कार्यों में इस्तेमाल किए जाते हैं। चिनूक हेलीकॉप्टरों की ग्राउंडिंग अमेरिकी सैनिकों के लिए परिवहन संबंधी चुनौतियां पैदा कर सकती है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उड़ानें रोकने का आदेश कितने समय तक लागू रहता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि ग्राउंडिंग का आदेश लागू हो गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी सेना के बेड़े में लगभग 400 हेलीकॉप्टर हैं। अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैनिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे विमान या हेलिकॉप्टर सुरक्षित और उड़ने लायक बने रहें।

### छह दशकों से है सेना का मददगार

चिनूक सेना के लिए जबर्दस्त उपयोगी हेलिकॉप्टर है। इसका उपयोग नियमित और विशेष मौकों पर सेना द्वारा किया जाता है। यह चार दर्जन से ज्यादा सैनिकों या कार्गो ले जा सकता है। बीते छह दशकों से यह सेना का बड़ा मददगार बना हुआ है। इसका निर्माण एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने किया है।

## कोल्ड वॉर खत्म करने वाले सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव का निधन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। उन्होंने बिना किसी खून खराबे के कोल्ड वॉर खत्म करवाया था। हालांकि वो सोवियत संघ के पतन को रोक नहीं पाए थे। मिखाइल सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्रपति थे। मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के एक बेहद प्रभावशाली



नेता थे। उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था।गोर्बाचोव सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्राध्यक्ष थे। हालांकि उनका कार्यकाल बहुत विवादों में रहा है। उन्हीं के कार्यकाल में सोवियत संघ का विघटन हुआ और वह 15 देशों में टूट गया। जोसेफ स्टालिन की नीतियों से हट कर उन्होंने शीत युद्ध को खत्म करने पर काम किया। उन्होंने ग्लासनोस्ट (खुलेपन) और पेरेस्त्रोइका (परिवर्तन) की अवधारणाओं को पेश किया। इसी कारण उन्हें पश्चिम में पसंद किया जाता है। गोर्बाचोव अपनी नीतियों को सोवियत संघ के संस्थापक व्लादिमीर लेनिन के सिद्धांतों की वापसी और खराब अर्थव्यवस्था को मानवीय तरीके से सुधारने का कदम मानते थे। 1985 में गोर्बाचोव सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने। उन्होंने 1986 में सबसे पहले पेरेस्त्रोइका शब्द दिया। ये शब्द रूस के भीतर सुधार से जुड़े आंदोलन के लिए दिया गया था।

# युवती को हुआ फूफा से प्यार मां ने रोका गला रेतकर की हत्या

**अनूपपुर, यशभारत।** अनूपपुर, जिले में एक लड़की ने फूफा के साथ मिलकर मां को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को जांच में पता चला कि बेटी के फूफा के साथ प्रेम संबंध थे। मां इस रिश्ते के खिलाफ थी और फिर बेटी ने अपन फूफा के साथ मिलकर मां की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार यह मामला 21 अगस्त का अनूपपुर के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र का है। ग्रामीणों ने पुलिस को जंगल में 45 साल की मंजू विश्वकर्मा की लाश मिलने की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मंजू की 23 साल की बेटी विनीता ने हत्या से पहले ही मां की गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। और दूसरे ही दिन मंजू का शव जंगल में मिला। जब पुलिस ने विनीता से पूछताछ की तो उस पर शक गहराया। जिसके बाद विनीता को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया और सख्ती से पूछताछ की गई तब

**अनूपपुर जिले में वारदात**



मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को पता चला कि विनीता के अपने फूफा के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया था।बता दें कि दोनों ने मिलकर मां को झाड़-फूंक के बहाने मंजू को जंगल में ले जाया गया और धारदार हथियार से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने इनके पास से हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है। इस घटनाक्रम को लेकर एसडीओपी कोतमा शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लाल बहादुर अपनी मौजूदी को छिपाने के लिए तीन दिन पहले ही से चिरमिरी में था। हत्या को अंजाम देने के लिए जमुना आया और फिर वापस चिरमिरी चला गया। फिलहाल दोनों हत्यारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## खंडवा में झारखंड जैसी घटना

# शादी का प्रपोजल ठुकराया तो युवती को मारा चाकू, फिर की खुदकुशी

**खंडवा एजेंसी।** खंडवा में दो दिन पहले एकतरफा प्यार में युवती पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी ने खुदकुशी कर ली। आरोपी कोटवार का शव गांव के तालाब में मिला। सोमवार को इसी युवक ने एकतरफा प्यार में 18 साल की युवती का गला रेतने की कोशिश की थी। घटना के बाद से पुलिस आरोपी मृतक बबलू पिता रामदास (21) की तलाश में जुटी थी। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में उसका शव देखा।मामला मूंदी इलाके के बांगरदा गांव का है। जहां सोमवार को आरोपी दीवार फांदकर युवती के घर में घुसा और उसे शादी के लिए प्रपोज किया। युवती के इनकार करने पर सिरफिरे ने उसके गले पर चाकू मार दिया था। पीड़िता का इलाज जिला



अस्पताल में चल रहा है। घटना के बारे में मूंदी थाना टीआई ब्रजभूषण हिरवे ने बताया कि आरोपी कोटवार ने गांव के ही तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसका शव निकाल लिया गया है।

### युवती के पिता बोले आरोपी नशे का आदी

घायल युवती के पिता अमन सिंह का कहना है कि आरोपी नशे का आदी है। वह शराब, गांजे का नशा कर गांव भर में उत्पात करता है। कुछ दिन पहले उसके साथ मेरा विवाद हुआ था। गांव और समाज का लड़का था, इसलिए समझा दिया था। पुराने झगड़े का बदला उसने बेटी से लिया। आरोपी पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

# विधायकों के बाद सीएम हेमंत सोरेन भी आज आएंगे रायपुर

## भूपेश बघेल ने लगाए हार्स ट्रेडिंग के आरोप

**रायपुर, एजेंसी।** झारखंड के सियासी संकट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। हिमाचल प्रदेश दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, झारखंड के विधायक रायपुर आए हैं। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से हार्स ट्रेडिंग कर रही है। पश्चिम बंगाल में तीन विधायक पकड़े गए थे। और अभी जिस प्रकार से चर्चा चल रही है कि चुनाव आयोग ने कोई पत्र दिया है, और एक सप्ताह हो गया है राजभवन ने अभी तक चुनाव आयोग की चिट्ठी नहीं खोली है यानी कुछ



योजना बनाई जा रही है। इसका मतलब है कि भीतर खाने में कुछ पक रहा है। ऐसी स्थिति में विधायकों की सुरक्षा के लिए वो छत्तीसगढ़ में आए हैं। यहां रिसार्ट में हैं। खबरों के अनुसार आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन आज रायपुर आएंगे।इससे पहले राजनीतिक संकट के बीच सत्ता बचाने के लिए झारखंड की सरकार छत्तीसग? की शरण में है। तोड़फोड़ की आशंका को देखते हुए वहां से सत्तारुढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के 32 विधायकों को मंगलवार की शाम को रायपुर लाया गया है।

### शराब से भरी गाड़ी मिलने के बाद बवाल

जिस रिसार्ट में झारखंड से आए विधायकों को ठहराया गया है, वहां उनके पहुंचने से कुछ समय पहले विदेशी शराब से भरी गाड़ी मिलने के बाद बवाल शुरू हो गया है। भाजपा ने शराब से भरी गाड़ी का वीडियो इंटरनेट मीडिया में साझा करके सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भगोड़े विधायकों को छत्तीसगढ़ लाकर अय्याशी करवाया जा रहा है। सरकारी गाड़ी में शराब को होटल में पहुंचाया जा रहा है।

# लहंगे के बटन से निकले 41 लाख रुपए

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विदेशी नोट छिपाने का एक अनोखा तरीका सामने आया है। CISF ने एक यात्री को पकड़ा है, जो एक लहंगे में 1.85 लाख सऊदी रियाल (भारतीय करेंसी के अनुसार करीब 41 लाख रुपए) छिपाकर विदेश जा रहा था। घटना मंगलवार सुबह करीब चार बजे की है, जब टर्मिनल-3 पर चेकिंग के दौरान एयरपोर्ट इंटेलिजेंस ने यात्री की संदिग्ध एक्टिविटी को नोटिस किया था। एयरपोर्ट इंटेलिजेंस ने CISF को इसकी सूचना दी, जिसके बाद ये पूरी कार्रवाई की गई। यात्री का नाम मिसम रजा है और वह स्पाइसजेट की फ्लाइट से दुबई जा रहा था। CISF ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने सोशल मीडिया पर डाला है। वीडियो में दिख रहा है कि यात्री के बैग से भारी मात्रा में लहंगा बटन मिले, जिसे CISF उखाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रजा के पास से रुपए से संबंधित कोई लीगल डॉक्यूमेंट्स नहीं मिले हैं। उसे कस्टम विभाग के हवाले किया गया।

# जीभ से फर्श साफ करवाया रॉड से मारकर दांत तोड़ डाले



### निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा रांची से गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** रांची पुलिस ने घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में निलंबित भाजपा नेता और पूर्व आईएएस अधिकारी की पत्नी सीमा पात्रा को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि सीमा पात्रा के खिलाफ मामला अरगोड़ा थाने में दर्ज हुआ था। जिसके बाद अब रांची पुलिस ने सीमा पात्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दो दिनों से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 29 साल की एक आदिवासी दिव्यांग लड़की को रिटायर्ड IAS महेश्वर पात्रा की पत्नी ने घर में काम करने के बहाने उसे 8 साल तक कैद करके रखा था। पीड़ित का नाम सुनीता है। उसने बताया कि उसे भरपेट खाना नहीं दिया जाता था। रॉड से पीटा जाता था और गर्म तवे से जलाया जाता था। फिलहाल उसे कैद से छुड़ाकर रांची रिम्स में भर्ती कराया गया है। पीड़ित सुनीता (दाएं) घर जाने को कहती थी तो आरोपी सीमा (बाएं) उसे रॉड से पीटती थी। खबर सामने आने के बाद सुनीता को ञ्छ्वक्क से निष्कासित कर दिया गया है।


### राज्यपाल बैस नाराज

राज्यपाल रमेश बैस ने सीमा पात्रा मामले पर संज्ञान लेते हुए अपनी नाराजगी जताई है। पुलिस की शिथिलता पर भी अपनी गंभीर चिंता जताते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक से पूछा है कि अब तक पुलिस ने दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है।

# मप्र में अब बगैर हेलमेट 250 और दस्तावेज न होने पर डेढ़ हजार जुर्माना!

## मंत्रिपरिषद उप समिति की बैठक में चर्चा फिर निर्णय

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश में यातायात से जुड़े अपराधों में जुर्माना (शमन) शुल्क कम करने की तैयारी चल रही है। सरकार बगैर हेलमेट के पक? जाने वाले दुपहिया वाहन चालकों से भविष्य में 250 एवं वाहन के दस्तावेज न होने पर डेढ़ हजार रुपये जुर्माना वसूल सकती है। मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित मंत्रिपरिषद उप समिति की बैठक में इस पर चर्चा हुई है। समिति का गठन शमन शुल्क के निर्धारण के लिए किया गया है। प्रदेश में वर्तमान में बगैर हेलमेट के पकड़े जाने पर पांच सौ रुपये और दस्तावेज न होने पर तीन हजार रुपये जुर्माना लिए जाने का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को शमन शुल्क कम करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को आयोजित बैठक में भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदेश में शमन



शुल्क के निर्धारण पर चर्चा हुई। उप समिति ने इनके अलावा यातायात एवं सड़क सुरक्षा को लेकर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न् धाराओं में उल्लेखित अपराधों के लिए शमन शुल्क के निर्धारण, मापदंडों एवं दंड के प्रविधानों पर विचार किया। सूत्र बताते हैं कि समिति ने यातायात से जुड़े लगभग सभी अपराधों में शमन शुल्क आधा करने का मन बना लिया है। उप समिति की इस बैठक की अनुशंसाओं के आधार पर परिवहन विभाग मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा, जो मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के बाद लागू होगा। बैठक में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, लोक निर्माण एवं ग्रामोद्योग, कुटीर मंत्री गोपाल भार्गव, सहकारिता और लोकसेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद भदौरिया एवं परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा मौजूद रहे।

**टीकमगढ़ के प्राथमिक विद्यालय का मामला, जांच के आदेश**

# बच्चों को भिखारियों की तरह हाथों पर परोसा जा रहा है मध्याह्न भोजन

**टीकमगढ़,यशभारत।** मध्य प्रदेश में भले ही सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन की बात कह रही हो लेकिन जमीनी स्तर पर इससे सब कुछ उलट-पुलट चल रहा है। टीकमगढ़ जिले के एक ऐसा स्कूल है जहां बच्चों को हाथों पर मध्याह्न भोजन भिखारियों की तरह हाथों पर परोसा जा रहा है। जिला मुख्यालय से तकरीबन 60 किलोमीटर दूरस्थ ग्रामीण अंचल के शासकीय माध्यमिक शाला कुड़ीला में आज भी बच्चों को स्कूल से मिलने वाले मध्याह्न भोजन के लिये या तो अपने घर से वर्तन लेकर आना होता है या फिर हाथों पर भोजन खाने को मजबूर होना पड़ता है। इस मामले में जहां स्कूल के टीचर का कहना है कि बर्तनों में जंग लगने के कारण बच्चों को हाथों पर रखकर मध्याह्न भोजन वितरित किया जा रहा है वही प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि यह सब गलत है और इसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। स्कूल में बर्तनों की व्यवस्था न होने के कारण बच्चों को घर से बर्तन लाना पड़ता है। छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्रों को दोपहर के भोजन के लिये



मध्याह्न भोजन का बितरण सुनिश्चत किया गया है लेकिन खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक शाला कुडीला गांव में जब से स्कूल खुला है तब से आज तक छात्र-छात्राओं का मध्याह्न भोजन के खाने के लिये या तो अपने घर से बर्तन लाना पड़ता है या फिर हाथों पर रखकर गंदगी के बीच प्रांगण में घूम रहे आवारा कुत्तों से बचाकर खाना खाना पड़ता है। ऐसे में अधिकांश बच्चों ने बताया कि उन्हें कभी भी स्कूल में भरपेट भोजन नहीं दिया जाता है।

### प्रधानाध्यापक का टका सा जवाब

इस मामले में शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानाध्यापक का कहना है कि कोरोना काल में विद्यालय बंद रहने के कारण मध्याह्न भोजन वितरित करने वाले बर्तनों में जंग लग जाने के कारण बच्चों को हाथों में भोजन वितरित किया जा रहा है।

### जांच के आदेश

क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि शासकीय माध्यमिक शाला कुडीला स्कूल में अगर बच्चों को गंदगी के बीच हाथों में मध्याह्न भोजन वितरित किया जा रहा है तो यह सब गलत है और आपत्तिजनक है इसकी जांच के लिये बीआरसी को भेजा है जांच रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## गणेश जी के दिन बुधवार पर स्थापना बेहद अच्छे फल देने वाला

# 300 साल बाद बना गणेश चतुर्थी पर ग्रहों का ऐसा संयोग

**कटनी, यशभारत।** इस बार गणेश चतुर्थी पर ग्रहों की स्थिति एक विशेष संयोग बन रही है। इस गणेश चतुर्थी पर चार प्रमुख ग्रह अपनी-अपनी राशि में मौजूद रहेंगे। पंचांग के मुताबिक,सूर्य सिंह राशि में, बुध कन्या राशि में, गुरु मीन राशि में और शनि मकर राशि में विराजमान रहेंगे। गणेश चतुर्थी पर ग्रहों का ऐसा संयोग 300 साल बाद बना है। ऐसे में गणेश पूजा का महत्त्व बहुत अधिक बढ़ गया है।



### देर रात तक प्रतिमाओं को लेने बच्चों, युवाओं की टोली नजर आई सड़क पर

कटनी शहर में बीते दो गणेशोत्सव फीके रहे लेकिन इस बार उत्साह चरम पर दिख रहा है। घर घर गणेश प्रतिमा की स्थापना का उत्साह नजर आ रहा है। कल देर रात तक प्रतिमाओं को लेने बच्चों युवाओं की टोली सड़क पर जय गणेश के नारों के साथ घूमती रही। मुख्य रूप से घरों में विराजने वाली प्रतिमाएं फारेस्टर खेल मैदान के समीप मिल रही हैं वहीं बड़ी प्रतिमाएं खिरहनी रोड पर मिल रही हैं। मूर्तिकार भी इन प्रतिमाओं के लिए काफी उत्साहित हैं।

### गणेश चतुर्थी पर पूजा की विधि

गणेश चतुर्थी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नानादि से निवृत हो जाएं और व्रत का संकल्प लें। जहां गणपति की स्थापन करनी है वहां गंगाजल छिड़कर उस स्थान को पवित्र करें. अब उत्तर पूर्व दिशा में पूजा की चौकी रखें और उस पर लाल या सफेद कपड़ा बिछाएं। अब चौकी पर थोड़े से अक्षत डालें और उस पर गणपति की प्रतिमा स्थापित करें। इस दौरान गणपति की स्थापना के मंत्र का जाप करें. अस्य प्राण प्रतिषठन्तु अस्य प्राणा: क्षरंतु च। श्री गणपते त्वम सुप्रतिष्ठ वरदे भवेताम।। गणपति की मूर्ति मिट्‌टी से बनी हो तो फूल से गणेश जी पर गंगाजल, पंचामृत छिड़कें. धातू की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर सकते हैं। गौरी पुत्र गणेश को रोली, मौली, हल्दी, सिंदूर, अक्षत, चंदन, अबीर, गुलाल, अष्टगंध, मेहंदी, लाल पुष्प , लौंग, इलायची, पान का पत्ता, नारियल अर्पित करें। गजानन को जनेऊ पहनाएं और जोड़े से 11 या 21 दूर्वा चढ़ाएं. अब उनके प्रिय भोग मोदक या बेसन के लड्‌डू का भोग लगाए. गणपति को उनके प्रिय पांच फल (केला, सीताफल, जामुन, अमरूद, बेल) अर्पित करें ध्यान रखें प्रसाद में तुलसी न रखे, गणपति की पूजा में तुलसी वर्जित है। धूप, दीप लगाकर गणपति चालीसा का पाठ करें और गणेश चतुर्थी की कथा पढ़ें. पूजा के समय इन मंत्रों का जाप करें। अब परिवार सहित गणेश जी की आरती करें और प्रसाद सभी में बांट दें. 10 दिन तक प्रतिदिन गणपति की सुबह-शाम विधिवत पूजा करें।



### कैसे अवतरित हुए गणेश जी



शिवपुराण के अनुसार गणेश जी का जन्म माता पार्वती के उबटन से हुआ था. देवी माता एक बार हल्दी का उबटन लगा रही थीं। कुछ देर के बाद उन्होंने उबटन को उतार कर एक पुतला बनाया. उसके बाद उस पुतले में प्राण डाले. इस तरह भगवान गणेश का जन्म हुआ. माता पार्वती ने लंबोदर को द्वार पर बैठा दिया और बोली कि किसी को भी अंदर मत आने देना. कुछ देर के बाद महादेव आए और घर जाने लगे। इस पर गणेश भगवान ने उन्हें रोक दिया. इससे क्रोधित होकर भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से गणपति की गर्दन काट दी. जब मां पार्वती ने गणपति की हालत देखा तो वह विलाप करने लगी और महादेव से बोली कि आपने मेरे पुत्र का सिर क्यों काट दिया। भोलेनाथ के पूंछने पर माता पार्वती ने सारी बात बताई और बेटे का सिर वापस लाने को कहा. तब भोलेनाथ ने कहा कि इसमें मैं प्राण तो डाल दूंगा परंतु सिर की जरूरत होगी। तभी भोलेनाथ ने कहा कि हे गरुड़ तुम उत्तर दिशा की ओर जाओ और जो मां अपने बेटे की तरफ पीठ करके लेटी हो, उस बच्चे का सिर ले आओ. गरुड़ काफी समय तक भटकते रहे। आखिरी समय में एक हथिनी मिली जो अपने बच्चे की तरफ पीठ करके सो रही थी. गरुड़ उस बच्चे का सिर ले आए. भगवान भोलेनाथ ने वह सिर गणेश के शरीर से जोड़ दिया और उसमें प्राण डाल दिए।



## हरतालिका पर घर घर हुआ रतजगा, विवाहितों ने की अखंड सौभाग्य की कामना

**कटनी,यशभारत।** कटनी में मंगलवार को हरतालिका तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। युवतियों ने मनचाहे वर की कामना लिए तो विवाहिताओं ने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। घरों और मंदिरों में बालूरेत के शिवलिंग बनाकर पूजन, भजन और कीर्तन किया। निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने रतजगा किया और शिव-पार्वती की आराधना की। अधिकांश लोगों ने घर पर फूलहरा बांध कर रतजगा किया तथा भगवान शिव पार्वती से अखंड सौभाग्य की कामना की। मोहल्लों में रात भर भजन गायन तथा ढोलक की आवज आती रहीं। कुछ जगह रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जहां युवतियों तथा महिलाओं ने कई तरह की सांस्कृति प्रस्तुतिया भी दीं। हरतालिका तीज का त्योहार महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। ये व्रत भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यानी आज (मंगलवार) को मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त में उठ महिलाएं अपने व्रत की तैयारी में लग गई। सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं की चहल पहल नजर आने लगी। तीज का ये पर्व महिलाओं को बहुत प्रिय होता है। इस दिन वह निर्जला रहकर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं। इस खास दिन भगवान शिव और पार्वती की आराधना की जाती है। इस बार यह व्रत शुभ और सौम्य योग में मनाया जा रहा है। इस पर्व पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूरे विधि विधान से पूजा की जाती है। यह व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। वहीं अविवाहित लड़कियां मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं।



## रेलवे कार्यालय में गुणवत्ताविहीन कार्य से रोज हो रहे हादसे, कर्मचारी भयभीत



**कटनी, यशभारत।** आप आराम कार्यालय में कार्य में व्यस्त हों और छत की सीलिंग में लगा प्लास्टर निकल कर गिर पड़े आप बाल बाल बच जाएं तो स्वाभाविक है कि फिर काम में मन नहीं लगेगा। फिर आपको कुछ ऐसा ही हो रहा है इन दिनों कटनी रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे कार्यालय में कर्मचारी दहशत में हैं। उन्हें यहां काम करने में समस्या हो रही है। कर्मचारियों को डर है कि वे यहां हादसे का शिकार हो सकते हैं। दरअसल स्टेशन पर स्थित कार्यालयों में फाल्स सीलिंग गिरने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। एक माह में तीन घटनाएं कार्यालय में सीलिंग गिरने से हो चुकी हैं। हालांकि इन घटनाओं में कोई कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है लेकिन कर्मचारियों के घायल होने का खतरा बना हुआ है। गत दिवस फिर प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर स्थित समाधान केंद्र में सीलिंग गिरने की घटना हुई। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कराए गए कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारी गुणवत्ता की जांच करने की मांग कर रहे हैं। समाधान केंद्र में रविवार को घटना होने के कारण इसकी चपेट में आने से कर्मचारी व पेंशनर्स बच गए। यहां बड़ी संख्या में पेंशनर्स व कर्मचारी पहुंचते हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है। रविवार का दिन होने के कारण यहां कर्मचारियों की मौजूदगी भी नहीं रही।

### यहां तो दो दो बार हो चुका हादसा

स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में फाल्स सीलिंग टूटकर गिरने की घटना एक माह में दो बार हुई। तीन अगस्त को रेलवे स्टेशन पर स्थित स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में फाल्स सीलिंग टूटकर गिरी। इसके बाद फिर यहां 15 अगस्त को सीलिंग टूटकर गिरी, जिससे यहां रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सीलिंग गिरने की घटना प्लेटफॉर्म पर स्थित टेलीकॉम विभाग के कार्यालय में भी हो चुकी है। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि यहां कार्य करने हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है।

### आरोप है कि गुणवत्ताविहीन कार्य, हो रहे हादसे

कर्मचारियों का कहना है कि एसएस कार्यालय का निर्माण बीते वर्ष ही किया गया है जहां दो बार सीलिंग गिरने की घटना हुई। इसके अलावा अन्य दोनों कार्यालयों में भी हाल ही में सीलिंग का कार्य किया गया था। गुणवत्ताविहीन कार्य होने के कारण कर्मचारियों की जान सांसत में है।

## कटाएघाट में दिख रहा सुंदर नजारा, जल संग्रहण के प्रयास

**कटनी, यशभारत।** ग्रीष्म त्रतु में नगर की सुचारू पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिहं धाकरे के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति एवं भूमिगत जलस्तर में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नदी के अतिरिक्त वर्षा जल को खदानों में भेजकर जल संरक्षण का कार्य निरंतर जारी है। जल प्रदाय विभाग नगर निगम कटनी द्वारा बताया कि विगत दिवसों हुई वर्षा के कारण वर्तमान में बैराज का जलस्तर बढ़ गया है। ग्रीष्म ऋतु में नगर की सुचारू पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विगत एक सप्ताह पूर्व ही बैराज एवं एनीकट मे 65 हॉर्स पावर की मशीनें स्थापित की जाकर कटनी नदी के अतिरिक्त वर्षाजल को जागृति पार्क स्थित विश्वकर्मा खदान में भेजा जाकर जल संरक्षण का कार्य निरंतर जारी है। खदानों में पर्याप्त मात्रा मे जल उपलब्ध होने से ग्रीष्म ऋतु में आवश्यकतानुसार जल संकट से निपटने हेतु यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा तथा आवश्यकता पडने पर उक्त खदानों का पानी फिल्टर हाउस तक पहुंचाकर फिल्टर करनें के पश्चात सुचारू पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी



नीरज सिनेप्लेक्स में





ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 26 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
लाइगर
कलाकार- विजय देवराकोंडा, अनन्या पांडेय, राम्या कृष्णन, रोनित राय आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

## चोरी की बिजली से चल रहीं मशीन

**कटनी, यशभारत।** समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली विभाग वसूली के लिए शिविर लगा रहा है। बिजली विभाग बिजली की चोरी करने वालों के खिलाफ छापेमार कार्रवाई भी कर रहा है। कार्रवाई के दौरान करीब आधा दर्जन घर बिजली चोरी करते मिले। स्लीमनाबाद में बिजली विभाग ने जूनियर इंजीनियर ने बताया कि कि लखनवारा गांव में बिजली वसूली के लिए शिविर लगाया गया। गांव के 153 बिजली उपभोक्ताओं पर 3 लाख 42 हजार रुपए का बकाया है, जिसकी वसूली की जा रही है। वसूली के दौरान ही ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ दबंग बिजली की चोरी की कर रहे हैं। जिसके बाद मौके पर स्लीमनाबाद व तेवरी की बिजली विभाग टीम ने मिलकर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों के घर में बिजली चोरी के मामले सामने आए। लखनवारा गांव के बीड़ी ठेकेदार राममिलन जायसवाल अवैध रूप से लाइट का उपयोग कर रहे थे और बीड़ी की भट्टी से सिकाई की जा रही थी। राममिलन पर विद्युत विभाग ने 92 हजार 720 रुपए की चालानी कार्रवाई की है। वहीं गंगाराम जायसवाल चोरी से आटा चक्की चला रहा था। लोकचंद जायसवाल का मीटर बंद पाया गया और साथ ही लोड अधिक मिला। अशोक रजक चोरी की बिजली से सिंचाई करते हुए पाया गया। बिजली चोरी करने के मामले में बिजली विभाग ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिजली बिल वसूली के लिए भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा।




सिटी मॉल बरही रोड में




26 अगस्त से
रोजाना 4 शो
01:00 PM
04:00 PM
07:00 PM
10:00 PM
LIGER
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से
FRIDAY : 12 PM, 6 PM, 9 PM
SATURDAY : 12 PM, 6 PM
SUNDAY : 12 PM, 6 Pm
MONDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM
TUESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM
WEDNESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM
THURSDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM
KARTHIKEYA 2
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से
FRIDAY : 2:30 PM
SATURDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
SUNDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
MONDAY : 9:00 PM
TUESDAY : 9:00 PM
ANTER YATRI MAHAPURUSH
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

## महर्षि अरविंद के 150वें जन्मदिवस पर जन अभियान परिषद ने किया आयोजन

**कटनी, यशभारत।** दार्शनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महर्षि अरविंद के 150वें जन्म दिवस पर उनके जीवन आध्यात्म व राष्ट्रीयता विषय पर व्याख्यान माला कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत सुनीता मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, उमेश मिश्र प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद, दीपक सोनी, वागीश आनंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं महर्षि अरविंद के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया।

कार्यालय प्राचार्य शासकीय
तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी
26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त, अग्रणी महाविद्यालय, जिला- कटनी
Phone : 07622-292113,E-Mail : gtc katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in
क्र./423/शातिम/निविदा/22-23 कटनी, दिनांक 29.08.2022
// निविदा प्रकाशन //
कटनी जिलान्तर्गत इस अग्रणी महाविद्यालय अंतर्गत शास. महावि. सिलौड़ी हेतु आदर्श प्रयोगशाला उन्नयन, सत्र 2022-23 अंतर्गत प्रयोगशाला उपकरण/सामग्री क्रय की जाना है। जिसकी खुली निविदा GEM Portal पर निविदा क्रमांक GEM/2022/B/2476360 दिनांक 27/08/2022 जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10/09/2022 है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं GEM Portal पर Online प्रक्रिया में भाग ले सकते है।
निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय का होगा।
(डॉ.एस.के.खरे)
जी-16050/22 प्राचार्य

कार्यालय-प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी
26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त, अग्रणी महाविद्यालय, जिला-कटनी
Phone : 07622-2921113,email : gtc_katni@yahoo.co.in,hegtckat@mp.gov.in
क्र./425/शातिम/निविदा/22-23 निविदा प्रकाशन कटनी, दिनांक 29.8.22
कटनी जिलान्तर्गत इस अग्रणी महाविद्यालय अंतर्गत शास. महावि. उमरियापान हेतु आदर्श प्रयोगशाला उन्नयन, सत्र 2022-23 अंतर्गत प्रयोगशाला उपकरण/सामग्री क्रय की जाना है। जिसकी खुली निविदा GEM Portal पर निविदा क्रमांक GEM/2022/B/2477181 दिनांक 27.08.2022 जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.09.2022 है।
इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं GEM Portal पर Online प्रक्रिया में भाग ले सकते है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय का होगा।
Principal,
जी-16051/22 Govt. Tilak P.G.College, Katni (M.P.)

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, बुधवार, 31 अगस्त 2022

# दिन में 70, रात में 20 फुट भी नहीं रहता मुख्य मार्ग

## दिलबहार चौराहे से लेकर सुभाष चौक तक सड़कों पर दुकानदारों का कब्जा

**कटनी, यशभारत।** शहर के मुख्य मुख्य मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। आलम यह है कि दुकानों के बाहर 10 से 15 फुट तक कब्जा है और इसके बाद फल और सब्जी की फुटकर दुकानें लगने की वजह से मुख्य मार्ग सिकुड़ गया है, जिससे मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी मार्गों तक हर पल जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दिलबहार चौराहे से लेकर सुभाष चौक तक करीब 70 फुट चौड़ी सड़क है लेकिन बेजा अतिक्रमण की वजह से सड़क केवल 15 से 20 फुट तक रह जाती है। सुचारू आवागमन में बाधक बने इन अवैध कब्जों को हटाने के लिए कोई मुहिम भी नहीं चलाई जा रही है। जिसके चलते शहर के मुख्य मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड के अलावा शहर का ऐसा कोई मार्ग या गली नहीं है, जहां पर अतिक्रमण नहीं पसरा हो। झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, गोलबाजार, साधूराम स्कूल रोड, जय दयाल रोड, मोहन टॉकीज रोड, अस्पताल रोड, कोतवाली तिराहा, जैन बोर्डिंग हाऊस सहित अन्य ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पिछले काफी समय से अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है लेकिन नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता इन कब्जों को हटाने की बजाए पूरे समय केवल और केवल वसूली में मशगूल रहता है। कभी कभार यदि मुहिम चलाई भी जाती है तो गरीब सब्जी दुकानदारों के विरूद्ध। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की गाड़ी सायरन बजाते हुए आती है और इन गरीब सब्जी दुकानदारों की सब्जियां, तराजू और अन्य सामान उठाकर ले जाते हैं। इसके बाद अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारी कुछ नजराना लेकर यह सामान छोड़ देते हैं। पिछले काफी समय से ऐसा चल रहा है लेकिन निगमायुक्त से लेकर नगर निगम के किसी भी अधिकारी ने अतिक्रमण दस्ते की इस कारनामे पर रोक नहीं लगाई।

**आवागमन में हो रही परेशानी, कदम-कदम पर लग रहा जाम, शाम होते ही सब्जी मंडी में तब्दील हो रहा शहर**

### एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड भी नहीं गुजर सकती

शहर की मुख्य सड़कों में इस तरह अव्यवस्था व अतिक्रमण फैलाकर रखा जाता है कि 70 फीट चौड़ी मुख्य सड़क कुलिया की तरह नजर जाती है। इस सड़क से यदि एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड को भी गुजरना पड़ जाए तो रास्ता नहीं मिलता। कईयों बार इस तरह की स्थितियां निर्मित हो चुकी है। ऐसा लगता है कि नगर निगम प्रशासन ने दुकानदारों को सड़कों पर अतिक्रमण करने की इजाजत दी हुई है, जिसका नतीजा यह है कि चौड़ी सड़कों ने गलियों का रूप ले लिया है।

### निर्धारित स्थान पर लगें दुकानें

कटनी विकास संघ के अध्यक्ष सुयश पुरवार, उपाध्यक्ष अजय मिहानी, गोपी कंदेले, आकाश गुप्ता, मनोज तिवारी, आकाश असरानी, मृणाल गुप्ता, नीतेश जैन, देवेंद्र ताम्रकार, आकाश जायसवाल, अभिषेक अग्रवाल ने विधायक, कलेक्टर, महापौर व पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि शहर की सड़कों को व्यवस्थित किया जाए। अतिक्रमण मुक्त किया जाए। फूलों के बाजार को चौपाटी के बगल में निर्धारित स्थल पर भेजें। सब्जी वालों को जिला अस्पताल के सामने स्थित हॉकर्स जोन में भेजें। मुख्य सड़कों पर लगने वाली चाट पकौड़ी, फुल्की की दुकानों को निर्धारित स्थल चौपाटी में भेजें। स्थाई दुकानों को शटर तक सीमित किया जाए।

### कटनी विकास संघ ने किया प्रयोग, सड़क पर एक साथ चलाईं 9 कारें



शहर की सामाजिक संस्था कटनी विकास संघ टीम द्वारा कटनी की मैन रोड, स्टेशन रोड में एक प्रयोग करके शहर के नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों व आम नागरिकों को ये बताने व दिखाने की कोशिश की है कि शहर की सड़कें बहुत चौड़ी है। 70 फीट चौड़ी सड़के पर्याप्त चौड़ी होती है, कोई कम नहीं होती। इस प्रयोग में कटनी विकास संघ ने पाया कि स्टेशन रोड में 9 कारें एक बार में आराम से खड़ी हो जाती है और पर्याप्त गैप रखते हुए इन सभी कारों को चलाकर भी दिखाया और ये सिद्ध कर दिया कि कटनी की मेन रोड, जबलपुर, भोपाल की किसी भी मुख्य सड़क से कम नही है। नौ कार एक साथ चल सकती हो, जिस सड़क में, उसको अधिकारियों व नेताओं ने मिलकर बर्बाद कर दिया है।



मुड़वारा स्टेशन के पास निर्मित फुट ओव्हर ब्रिज पर आवारा मवेशियों का जमघट।

# मुड़वारा फुट ओव्हर ब्रिज पर आवारा मवेशियों का कब्जा

**आवागमन के दौरान लोगों को सता रहा घायल होने का डर**

**कटनी, यशभारत। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास फुट ओव्हर ब्रिज का निर्माण वैसे तो लोगों के आवागमन के लिए किया गया था, लेकिन इस ओव्हर ब्रिज पर आवारा मवेशियों का कब्जा हो गया है। सुबह से लेकर देर रात तक आवारा जानवरों के झुंड की वजह से यहां से निकलने वाले लोगों को हर समय दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। आलम यह है कि ब्रिज के बीचोंबीच बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों को आसानी से देखा जा सकता है।**

क्षेत्र के लोगों द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं रेल प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराए जाने के बाद भी आवारा मवेशियों को यहां से हटाने का प्रयास नहीं किया गया। जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों को हर समय आवारा जानवरों के हमले से घायल होने का डर सताता रहता है। पिछले एक अरसे में इस तरह की कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। गौरतलब है कि मुड़वारा में रेलवे स्टेशन बनाए जाने के साथ ही भट्ठा मोहल्ला से मुड़वारा स्टेशन के बीच फुट ओव्हर ब्रिज का निर्माण रेलवे द्वारा कुछ साल पहले कराया गया था। ओव्हर ब्रिज निर्माण का उद्देश्य यहां रेल लाइन पार करने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना था। ओव्हर ब्रिज का निर्माण इस तरह किया जाना था कि यहां से दुपहिया वाहन भी निकल सकें और उन्हें शहर आने के लिए मिशन चौक तक लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़े लेकिन रेल प्रशासन की मनमानी से करोड़ों रूपए की लागत से बने इस ओव्हर ब्रिज से दुपहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जिससे इस क्षेत्र के हजारों लोगों को इसका लाभ नहीं मिल सका और आज भी यहां के लोग शहर आने के लिए मिशन चौक का लंबा चक्कर लगाकर आते हैं। क्षेत्र के लोगों ने रेल प्रशासन से इस ओर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### शेर पर सवार गजानन...



वैसे तो प्रथम पज्य भगवान गजानन मूसक की सवारी करते हैं, लेकिन शहर में इस बार भगवान श्री गणेश शेर की सवारी करते हुए नजर आएंगे। मूर्तिकारों द्वारा इस बार विघ्न विनाशक की शेर पर सवार मूर्ति का निर्माण किया गया है, जो कि आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। समितियों द्वारा शहर में जगह-जगह ऐसी प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है।

# वसुधा फॉल देखकर रोमांचित हुए प्रतिभागी



**यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा वसुधा ट्रैकिंग का आयोजन, उत्साह के साथ सम्मिलित हुए 240 प्रतिभागी**

**कटनी, यशभारत।** पर्यावरण एवं साहसिक अभियान प्रेमियों के लिए यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जिला इकाई कटनी का सबसे ज्यादा लोकप्रिय वर्षाकालीन ट्रैक इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को जीवन भर के लिए रोमांचक यादें दे गया। जिला वनमंडल कटनी के सहयोग से आयोजित अभियान जिला वनमंडल अधिकारी आर. सी. विश्वकर्मा, रेंज ऑफिसर रीठी बहादुर सिंह, परिक्षेत्र सहायक बिलहरी दिनेश सिंह पटेल के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित हुआ। अभियान का नेतृत्व प्रोग्राम समन्वयक श्रीराम कुदरहा, अमित सिंघई, इकाई सचिव वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र जैन, रविन्द्र कुदरहा, विपुल खण्डेलवाल, कमलराज अग्रवाल द्वारा इकाई अध्यक्ष पंचम जैन एवं चैयरमेन गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अभियान में 240 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। अत्याधिक वर्षा के कारण दल सुबह 8 बजे अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ। सर्वप्रथम बांधा इमलाज में भगवान मुरली मनोहर की पूजन अर्चन कर अभियान की सफलता की कामना की गई। तत्पश्चात् दल ने अपने गंतव्य वसुधा फॉल के लिए 10 किलोमीटर की अपनी यात्रा प्रारंभ की। यहां पहुंच मार्ग मिट्टी का होने के कारण कीचड़ बहुत ज्यादा था जिसमें फिसलन बहुत थी। धीरे-धीरे सभी बरसाती नालों को एक दूसरे के सहारे से पारकर वसुधा फॉल पहुंच गये, लगातार वर्षा के कारण झरना अपने पूरे यौवन पर था। वन अधिकारियों की सूचना देने पर की नाले में पानी बढ़ रहा है। दल को तुरंत अपनी वापिसी यात्रा प्रारंभ करनी पड़ गई एवं तेज बहाव में सभी वरिष्ठ लोगों ने चैन व रस्सी के सहारे सभी को सुरक्षित पार करा दिया। अभियान में वनरक्षक कृष्णकांत गर्ग, प्रशांत कुमार, अनिल यादव, जहॉगीर सिंह, अंशुल सोनी, सुरक्षा श्रमिक अजीत सिंह, फूल सिंह द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। प्रतिभागियों की सुरक्षा मार्गदर्शन के लिए यूथ हॉस्टल्स द्वारा 10 गाईड की व्यवस्था की थी जो केसरी सिंह अधिकारी के नेतृत्व में सभी को मार्गदर्शन व सहयोग कर रही थी। वन अधिकारी बच्चों को वनस्पतियों एवं वृक्षों के औषधीय उपयोग की जानकारी दे रहे थे। आकस्मिक उपचार हेतु पवन दुबे के नेतृत्व में टीम काम कर रही थी। इस रोमांचक अभियान में कभी न भूलने की यादें लेकर सभी अभियान पूरा होने की सुखद एहसास के साथ सभी ने सकुशल वापिसी की। यूथ हॉस्टल्स 25 वर्षो से ट्रैकिंग अभियान आयोजित कर रही है इसके सभी अनुभवी सदस्यों का लाभ अभियान को व्यवस्थित करने में मिला। अभियान में पत्रकार विश्वदर्शन गौर, कमलराज अग्रवाल, गोपी कंदेले, राजेन्द्र बहरे, रानू जैन, नवीन मिश्रल, सुशील कुशवाहा, सचिन जैन, मनीष जैन, मिश्रा बस सर्विस, अपर्णा गौर, श्रीमती मीना शर्मा, खुशबू शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान था। इकाई द्वारा अभियान में भाग लेने लेने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी है।

# राशन दुकानों में उपभोक्ताओं से जानकारी दर्ज कराने के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपनी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान में जाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड नंबर दर्ज कराकर ईकेवाईसी कराने और मोबाइल नंबर पीओएस मशीन में दर्ज कराने की अपील जिला आपूर्ति अधिकारी ने की है। उन्होंने बताया कि ईकेवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के नाम विलोपित कर दिए जाएंगे। परिवार में सभी सदस्यों की ईकेवायसी होने से परिवार का कोई भी सदस्य राशन दुकान में जाकर बायोमेट्रिक माध्यम से प्रदेश में एवं प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों से राशन प्राप्त कर सकता है और जिन परिवारों के सदस्यों में आधार नंबर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गये है या किसी अन्य सदस्य का आधार नंबर दर्ज हो गया था इस प्रक्रिया के द्वारा इन समस्त त्रुटियों में सुधार किया जा सकता है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती लक्ष्मी बाई पति स्व. श्री मोहनलाल निषाद, निवासी जालपा देवी वार्ड कटनी, तहसील व जिला कटनी म.प्र. एवं धनीराम बड़ेरिया तथा श्रीमती चंदा बाई पत्नी धनीराम बड़ेरिया के मध्य दिनांक 15.12.2012 को न्यायालय श्रीमान आर.के. गुप्ता (ए.डी.जे.) के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रं. 20अ/2011 में राजीनामा हुआ जिसके अनुसार लिखित के परिशोधन हेतु धारा 26 विनिर्दिष्ट अनुतोष के तहत लिखित में शोधन कर मौजा मुड़वारा न.ब. प.ह.नं. 45/2, 43 में स्थित भूमि खसरा नंबर 255/32 एवं 255/69 के स्थान पर 254/2 खसरा लेख कराये जाने बाबद राजीनामा हुआ था। परंतु धनीराम बड़ेरिया एवं श्रीमती चंदा बाई द्वारा उपरोक्त संशोधन राजस्व अभिलेख में कराये बिना भूमि का विक्रय किया गया है और लगातार विक्रय हेतु प्रयासरत है। अतएव इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दोनों ही व्यक्तियों से किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय न करें, इन व्यक्तियों द्वारा न्यायालय की अवमानना की जा रही है, और अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से भूमि विक्रय का प्रयास किया जा रहा है जिससे अपराध का जन्म होगा और वाद बहुल्यता बढ़ेगी, क्रय किये गये भूमि की एवज में भविष्य में सिविल प्रकरण प्राप्त होंगे।

कटनी, दिनांक - 29/08/2022

राजेन्द्र वर्मा, (एडवोकेट) सिविल कोर्ट, कटनी (म.प्र.)
मो. 9425861362

### अंशू को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष की कमान



कटनी, यशभारत। पिछले लंबे समय से एनएसयूआई का नेतृत्व कर रहे अंशू मिश्रा को मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ एवं प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांह्र भूरिया ने जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास, राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी पराग शर्मा की सहमति से प्रदेश युवा कांग्रेस ने की है। दिव्यांशु मिश्रा अंशू ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि युवा कांग्रेस की प्रदेश व्यापी मुहिम यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो व भाजपा सरकार की कुनीतियों के खिलाफ युवाओं को लामबंद कर संघर्ष का लक्ष्य सौंपा गया है। संगठन से प्रत्येक बूथ से सक्रिय ऊर्जावान साथियों को युवा कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएग। नियुक्ति पर युवा साथियों, शहर के अनेकों समाजसेवियों एवं कांग्रेसजनो ने हर्ष व्यक्त किया है।



# टैक्स दिए जाने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधाएं

### आम आदमी पार्टी ने कमिश्नर से की मुलाकात

कटनी, यशभारत। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला प्रवक्ता आशीष तिवारी, वार्ड 3 प्रभारी प्रेम लाल रजक के साथ महिलाओं एवं मजदूरों ने नगर निगम पहुंचकर कमिश्नर से मुलाकात कर हितग्राहियों की मांगों से अवगत कराया। क्षेत्रवासियों की मांग है कि 30-40 वर्षों से अपने कच्चे मकान बनाकर रह रहे है किंतु कुछ लोगों का नगर निगम ने टैक्स रसीद काटना शुरू कर दिया है, किंतु बहुत से लोगों को आज तक नगर निगम द्वारा मकान टैक्स नहीं लिया जा रहा है। जिस कारण से शासन की कई योजना का लाभ व बिजली पानी कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कमिश्नर से जल्द से जल्द इसके निराकरण की मांग की, जिस पर कमिश्नर ने मौके पर मुआयना कर इस समस्या का निराकरण जल्द शिविर लगाकर किया जावेगा कहकर आश्वासन दिया गया।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 26th August 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

### क्षेत्रीय कार्यालय,मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,जबलपुर

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस. ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत **मेसर्स महालक्ष्मी माईन्स एण्ड मिनरल्स, स्टोन क्वारी, खसरा नं. 210/1k, 210/1kha., 210/1G, 210/2k, 210/2kha., 210/2G, 210/3, 210/4, 210/5, 210/6, 210/7, 211/1k, 211/2, 212, 215/2, 215/3, 216 मेसर्स महालक्ष्मी माईन्स एण्ड मिनरल्स, स्टोन क्वारी, ग्राम बड़ागॉव तहसील बरही जिला कटनी म.प्र. लीज क्षेत्रफल 4.88 हेक्टेयर उत्खनन क्षमता स्टोन क्वारी** 1,09,414 **घनमीटर** प्रतिवर्ष के लिए भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत, ग्राम बड़ागॉव तहसील बरही जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं. 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इस बोर्ड की वेबसाइट **www.mppcb.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से **30 दिवस** के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। **इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 07-10-2022 दिन शुक्रवार को प्रातः 1:30 बजे, मेसर्स महालक्ष्मी माईन्स एण्ड मिनरल्स, स्टोन क्वारी, ग्राम बड़ागॉव तहसील बरही जिला-कटनी के परियोजना स्थल में आयोजित की जायेगी।** जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी, जबलपुर**

## चुनाव से पहले संगठन में कसावट की कवायद

# बदले जा सकते हैं भाजपा के 16 जिलाध्यक्ष

**भोपाल यशभारत।** मिशन 2023 से पहले भाजपा संगठन स्तर पर कसावट करने जा रही है। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम और कमजोर संगठन के कारण 16 जिलों के अध्यक्ष निशाने पर हैं। खासतौर से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव वाले ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, भिंड और दतिया जिले के मुखिया बदले जा सकते हैं।इसी तरह रायसेन, नरसिंहपुर, कटनी, शाजापुर, आगर, आलीराजपुर, झाबुआ, छतरपुर, भोपाल ग्रामीण, रतलाम और सतना के जिलाध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं। इनमें से कई जिलों में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वहीं, कई जिलाध्यक्ष के खिलाफ अन्य शिकायतें हैं। कुछ जिलों में नेताओं के बीच पटरी न बैठ पाने का भी मुद्दा शामिल है। जिलाध्यक्षों के कामकाज को लेकर लंबे समय से शिकायत सामने आती रही है लेकिन नगरीय निकाय चुनाव में हुए कम मतदान ने इनकी पोल खोल दी। सतना के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी से संगठन रैगांव विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव के समय से नाराज था। पार्टी यहां चुनाव हार भी गई थी।इसी तरह ग्वालियर नगर अध्यक्ष कमल माखीजानी से भी संगठन नाराज है। पार्टी 57 वर्ष बाद पहली बार ग्वालियर महापौर का चुनाव



हारी है। वहां संगठन के कुछ नेताओं का एक विवादास्पद वीडियो भी वायरल हुआ था। इसी तरह गुना के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार पर भी गाज गिरना तय है। यहां भाजपा के 19 पार्षद थे लेकिन नौ निर्दलीय पार्षद का समर्थन होने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को वे चुनाव जिता नहीं पाए। सिकरवार का कार्यकर्ताओं के साथ भी समन्वय नहीं बन पाया। यहां जिला प्रभारी संजीव कांकर को भी पार्टी ने दो दिन पहले हटा दिया था। अशोकनगर के जिलाध्यक्ष उमेश रघुवंशी भी निशाने पर हैं। कटनी में भी भाजपा महापौर का चुनाव हार गई थी। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के संसदीय क्षेत्र में आने वाले कटनी के जिलाध्यक्ष रामरतन पायल पर पार्टी हार का ठीकरा फोड़ना चाह रही है। भिंड के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर के कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह के प्रभाव क्षेत्र में सेंध न लगा पाने का आरोप है। यहां जिले में कांग्रेस ने आठ निकाय चुनाव में जीत हासिल की, जबकि भाजपा को मात्र पांच मिल पाई। नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा से भी संगठन नाराज है। मिश्रा का दूसरा कार्यकाल चल रहा है।छतरपुर जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव को भी हटाया जा सकता है। यादव को पूर्व मंत्री ललिता यादव खेमे का माना जाता है। रायसेन के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश किरार भी निशाने पर हैं। किरार को पूर्व मंत्री डा. गौरीशंकर शेजवार का नजदीकी माना जाता है।इस कारण सिंधिया समर्थक मंत्री डा प्रभुराम चौधरी और किरार की पटरी नहीं बैठ पा रही है। रतलाम से जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा के कार्यकाल में भाजपा ने महापौर प्रहलाद पटेल को चुनाव तो जितवा दिया लेकिन हार-जीत का अंतर बहुत कम हो गया। संगठन के कमजोर प्रदर्शन के लिए जिलाध्यक्ष से संगठन नाराज हैं। कई जिलों में जिलाध्यक्ष संगठन के कामकाज में तत्परता नहीं बरत रहे हैं। कई जगह समन्वय का अभाव है।

## बच्चों में डिप्रेशन कुछ अधिक बढ़ रहा, पढ़ाई के दबाव व कॅरियर को लेकर वे जरूरत से अधिक चिंतित

### प्रदेश की पहली साइकोलॉजी लैब मॉडल स्कूल में 20 स्टूडेंट की काउंसिलिंग, एप्टीट्यूड जैसे 50 टेस्ट लेते



**भोपाल, यशभारत।** बच्चों में डिप्रेशन कुछ अधिक बढ़ रहा है। पढ़ाई के प्रेशर से लेकर कॅरियर तक को लेकर वे जरूरत से अधिक चिंतित हैं। यह जानकारी लैब में सामने आई। मप्र की पहली साइकोलॉजी लैब भोपाल के मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल टीटी नगर में 8 महीने पहले शुरू की गई। अब तक 800 से ज्यादा स्टूडेंट की काउंसिलिंग की जा चुकी है, वहीं लगभग 400 अभिभावकों को बुलाकर भी बात की गई है। यह संख्या नया सत्र शुरू होने के बाद यानी 15 जून के अब की है। यहां रोज औसतन 20 स्टूडेंट काउंसिलिंग के लिए आ रहे हैं। इनके अलावा क्लासेस में जाकर भी काउंसिलिंग की जाती है। लैब में काउंसलर शबनम खान पूरे स्कूल टाइम में मौजूद रहती हैं और वे हर बच्चे की एक विशेष टूल किट की मदद से काउंसिलिंग करती हैं। इन टूल किट के जरिए पर्सनालिटी टेस्ट, इंट्रेस्ट टेस्ट, एप्टीट्यूड टेस्ट, डिप्रेशन टेस्ट, डेवलपमेंटल टेस्ट समेत लगभग 50 से ज्यादा टेस्ट लिए जाते हैं। वहीं, 12वीं में लिए गए किस विषय के बाद क्या कर सकते हैं ऐसे लगभग 1000 कोर्सेस के बारे में बताया जाता है। इन टेस्ट के लिए करीब 50 प्रकार की टूल किट (मनोवैज्ञानिक परीक्षण करने की विधि) इस लैब में मौजूद हैं। इनके जरिए स्टूडेंट की निर्णय लेने की क्षमता को परखा जाता है। उनकी व्यक्तिगत समस्याएं और कॅरियर गाइडेंस के बारे में समझाइश दी जाती है। स्कूल में कक्षा 6वीं से 12वीं अभी करीब 2300 स्टूडेंट हैं। इनमें से लगभग 1700 स्टूडेंट सिर्फ 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। इनमें से अब 800 से ज्यादा स्टूडेंट की काउंसिलिंग की जा चुकी है। लैब में मौजूद किट में कुछ प्रश्न पत्र और बहुत सारी तकनीकी मैथेड वाली टूल किट मौजूद हैं। जब स्टूडेंट अपनी समस्या लेकर आता है तो बातचीत करके समझा जाता है कि किस बात को लेकर परेशान हैं। फिर उसी आधार पर उसे टूल किट दी जाती है और निगरानी की जाती है कि वह कैसे उसे हल कर रहा है। उसके हल करने के तरीके से पता चल जाता है कि वह क्या चाहता है और किस दिशा में जाना चाहता है। यह काउंसिलिंग ग्रुप में और व्यक्तिगत भी की जाती है।

## हमीदिया के नए भवन में 12 सितंबर से शुरू होगी सुल्तानिया अस्पताल की शिफ्टिंग

### नए भवन में दो ओटी तैयार




**भोपाल ईएमएस।** हमीदिया अस्पताल के नये भवन में सुल्तानिया महिला अस्पताल की शिफ्टिंग की तारीख आखिरकार तय हो गई है। 12 सितंबर से सुल्तानिया अस्पताल की हमीदिया अस्पताल के नए भवन में शिफ्टिंग शुरू होगी। सुल्तानिया अस्पताल से मरीजों को हमीदिया में शिफ्ट करने के लिए मरीजों को नहीं लाया जाएगा। सुल्तानिया में भर्ती मरीजों की वहीं से छुट्टी कर दी जाएगी। उधर, नए मरीजों की भर्ती हमीदिया अस्पताल के नए भवन में शुरू की जाएगी। सुल्तानिया की हमीदिया मेंशिफ्टिंग में देरी के पीछे बड़ी दिक्कत यह है कि हमीदिया के नए भवन में फाल्स सीलिंग की मरम्मत का कार्य चल रहा है। चिकित्सकों को चिंता है कि मरीजों को भर्ती करने के बाद फाल्स सीलिंग गिरने की घटना हुई, तो ब ?ी दिक्कत हो जाएगी। ऐसे में अब 10 सितंबर के बाद अस्पताल को शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है। सोमवार को हुई कालेज की कार्यकारिणी समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की गई थी। हमीदिया अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि सुल्तानिया अस्पताल में भर्ती मरीजों को हमीदिया नहीं लाया जाएगा। नए मरीजों को हमीदिया अस्पताल के नए भवन के ब्लाक-बी में भर्ती किया जाएगा, जबकि पुराने मरीजों की सुल्तानिया अस्पताल से ही छुट्टी कर दी जाएगी। जैसे-जैसे सुल्तानिया अस्पताल में मरीज कम होते जाएंगे, वहां का सामान हमीदिया में शिफ्ट किया जाएगा। पूरी तरह से सुल्तानिया अस्पताल को शिफ्ट करने में करीब 15 दिन लग जाएंगे। यानी सितंबर के अंत तक सुल्तानिया अस्पताल हमीदिया परिसर में आ जाएगा।

### 300 बिस्तर होंगे

सुल्तानिया अस्पताल में अभी स्त्री एवं प्रसूति रोग के इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के लिए 285 बिस्तर हैं। नए भवन में आने के बाद 300 बिस्तर हो जाएंगे। पांचची, छठवीं और सातवीं मंजिल में 60-60 बिस्तर हैं। इसके अलावा दूसरी मंजिला पर 50 बिस्तर हैं। भूतल पर कुछ बिस्तर और आइसीयू मिलाकर 300 बिस्तर होंगे।

### मरम्मत के दौरान फिर गिरी फाल्स सीलिंग, नहीं हुई किसी पर कार्रवाई

करीब 15 दिन पहले हमीदिया अस्पताल के नए भवन के ब्लाक-बी की दूसरी मंजिल में फाल्स सीलिंग गिरने के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने निर्माण एजेंसी पीआइयू के आला अधिकारियों को मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने को कहा था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। नमी की वजह से जिप्सम से बनी फाल्स सीलिग में स्क्रू लगी जगह के टूटने से सीलिंग के गिरने का खतरा है। मंगलवार को भी यहां मरम्मत के दौरान फाल्स सीलिंग गिर गई। इस कारण हमीदिया अस्पताल प्रबंधन पूरी मरम्मत के बाद ही सुल्तानिया को शिफ्ट करेगा।

## बिलासपुर एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनें एक हफ्ते निरस्त

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस समेत अप-डाउन की छह ट्रेनें एक हफ्ते तक अलग-अलग तारीखों में निरस्त रहेंगी। 12 ट्रेनें बदले मार्ग से चलाई जाएंगी। इनमें से निरस्त रहने वाली ट्रेनें तो भोपाल से ही बनकर चलती हैं। बदले मार्ग से चलने वाली ट्रेनों में 50 प्रतिशत बीना के रास्ते चलती थी जो भोपाल, इटारसी व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी। ट्रेनों को निरस्त करने व बदले मार्ग से चलाने के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा। ये यात्री पहले ही परेशान हैं, क्योंकि ट्रेनों में दबाव है। कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। बाकी ट्रेनों में वेटिंग है। रेलवे ने इन ट्रेनों को जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखंड में तीसरी रेल लाइन के काम के चलते निरस्त व बदले मार्ग से चलने का निर्णय लिया है। इसके पहले बिलासपुर रेल मंडल में तीसरी रेल लाइन जोड़ने के काम के चलते दो दर्जन से अधिक ट्रेनों को निरस्त करने व बदले मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है।

### ये ट्रेनें निरस्त रहेंगी

- ट्रेन 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्स., दो से तीन सितंबर तक
- ट्रेन 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्स., तीन से चार सितंबर तक
- ट्रेन 11272/11271 भोपाल-इटारसी-भोपाल एक्स., दो से तीन सितंबर तक
- ट्रेन 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्स., एक से तीन सितंबर तक
- ट्रेन 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्स., दो से चार सितंबर तक

## गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ आज कई स्थानों पर विराजेंगे पार्वती नंदन



**भोपाल यशभारत।** तीन सौ साल बाद बने दुर्लभ संयोग में बुधवार को विघ्न विनाशक गौरीनंदन श्रीगणेश की घर-घर स्थापना की जाएगी। ढोल ढमाकों के साथ शहर में शताधिक स्थानों पर बनी झांकियों में भगवान गजानन विराजेंगे। गणेशोत्सव पर मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान होंगे। मंगलवार शाम से ही राजधानी में विभिन्ना स्थानों पर लगी दुकानों एवं मूर्तिकारों के घरों पर श्रद्धालु भगवान गणेश की प्रतिमा लेने के लिए पहुंचने लगे थे। मूर्तिकारों ने लंबोदर महाराज के विभिन्ना मोहक स्परूपों की मूर्तियां तैयार की हैं। जिन्हें उचित दक्षिणा लेकर उपलब्ध करा रहे हैं। विभिन्ना उत्सव समितियों के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पूजा पंडाल की साज-सज्जा को अंतिम रूप दिया। लोग अपने घरों में भी गणेश प्रतिमाओं को विराजेंगे। पं. रामजीवन दुबे गुरुजी का कहना है कि भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी बुधवार से गणेशोत्सव का पर्व शुरू होगा। इस बार बुधवार को वो सारे योग-संयोग बन रहे हैं, जो गणेशजी के जन्म के अवसर पर बने थे। दिन बुधवार, तिथि चतुर्थी, नक्षत्र चित्रा और मध्या काल यानी दोपहर का समय। ये ही वो संयोग था जब पार्वती जी ने मिट्टी के गणेश बनाए थे और शिवजी ने उसमें प्राण प्रतिष्ठित किए थे। इसके अलावा भी कुछ दुर्लभ और शुभ योग बन रहे हैं जो 31 अगस्त से नौ सितंबर तक रहेंगे। इस बार गुरु ग्रह से देह स्थूल योग बन रहा है। इसे आसान भाषा में लंबोदर योग भी कहते हैं। जो कि गणेश का ही एक नाम है। साथ ही गणपति के जन्म काल के वक्त वीणा, वरिष्ठ, उभयचरी और अमला नाम के योग भी बनेंगे। इन पांच राजयोगों के बनने से इस बार गणेश स्थापना बेहद शुभ रहेगी। पं. भंवरलाल शर्मा ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान लोग घरों में सजने वाली झांकी का विसर्जन पांच दिन, सात दिन व दस दिन में करते हैं। महाराष्ट्र समाज मंडल द्वारा 10 दिनों तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। न्यू मार्केट की झांकी में लाल बाग के राजा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगी।

### गणेश पूजन की विधि

पं. जगदीश शर्मा ने गणेश पूजन के संबंध में बताया कि सर्वप्रथम भगवान गणेश की प्रतिमा को च्ॐ गं गणपते नमऱ्ज के मंत्र जाप के साथ स्नान कराएं। भगवान को जनेऊ पहनाएं, उसके बाद चौकी पर नया कपड़ा बिछाकर उस पर अक्षत रख कर उस पर कलश रखें। कलश पर नारियल व पांच पान के पत्ते रखें। उसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करें। कलश व गणेशजी की पूजा दूर्वा, अक्षत, रोली, कुमकुम, सिंदूर, हल्दी और पुष्प आदि चढ़ाकर लड्डुओं का भोग लगाएं। इसके बाद दीपक से आरती कर गणेश वंदना करे।

### आज बचें चंद्र दर्शन से

बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर चंद्र दर्शन से बचना चाहिए। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करने और उन्हें अर्ध्य देने से झूठे आरोपों से कलंकित होना प ? सकता है। पं. विनोद गौतम के अनुसार इस व्रत के दिन चंद्रमा को अर्ध्य देना उचित नहीं है।

## दो-दो मंत्री करेंगे जिले में केंद्र-राज्य की योजनाओं की निगरानी, हितग्राहियों को लाभ दिलाने चलेगा विशेष अभियान

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलवाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से विशेष अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिले में केंद्र-राज्य की योजनाओं की निगरानी और हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाने का काम दो मंत्री करेंगे। इसमें प्रत्येक पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। यह दो चरणों में होंगे। पहले चरण में पांच अक्टूबर तक पात्र व्यक्तियों के आवेदन लिए जाएंगे और दूसरे चरण 31 अक्टूबर तक उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाएगी। कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी मंत्रियों और जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान में केंद्र और राज्य सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया जाएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। अभियान के पहले चरण में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर ऐसे हितग्राहियों का चुनाव किया जाएगा, जो किसी हितग्राहीमूलक योजना के अंतर्गत पात्र हैं लेकिन उन्हें अब तक लाभ नहीं मिला है। इनके आवेदन का दूसरे चरण के शिविर में निराकरण किया जाएगा। साथ ही नए आवेदन भी लिए जाएंगे। खाद की उपलब्धता, पात्रता पर्ची वितरण, राशन वितरण, भू-माफिया से मुक्त कराई गई भूमि के उपयोग, ग्राम एवं नगर का गौरव



दिवस और पांच करो ? रुपये से अधिक विकास कार्यों की प्रगति की निगरानी भी अभियान के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए पोर्टल बनाया जाएगा। उन्होंने मंत्रियों को विभागीय समीक्षा करके हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए और अधिकारियों से कहा कि वे क्रियान्वयन की तैयारी कर लें।

### दो-दो मंत्रियों के बनेंगे समूह

बैठक में तय किया गया कि अभियान की निगरानी के लिए दो-दो मंत्रियों के समूह बनाए जाएंगे। मंत्री आवंटित जिलों में जाएंगे और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को देखेंगे। वहीं, मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर इस बार 26 अक्टूबर से कार्यक्रम होंगे। इसके लिए राज्य स्तर से कार्ययोजना सभी जिलों को भेजी जाएगी। इस पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके लिए भी मंत्री समूह गठित किया जाएगा।

### इन योजनाओं का दिलाया जाएगा लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, स्वामित्व, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, भारत नेट, स्वाइल हेल्थ कार्ड, किसान केडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री उज्जवला, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन, मुख्यमंत्री किसान कल्याण, अमृत सरोवर, संबल योजन, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास प्लस और मुख्यमंत्री विद्युत बिल राहत योजना।

## भोपाल में मकान तोड़ने पर घिरा निगम मानव अधिकार आयोग ने मांगा जवाब

### कर्मचारी को थप्पड़ मारने के बाद युवक के घर चली थी JCB




**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल में एक मकान को तोड़ने पर नगर निगम घिर गया है। मानव अधिकार आयोग ने एक्शन लिया है। कलेक्टर और एसीपी से 9 सितंबर तक जवाब मांगा है। अतिक्रमण प्रभारी को थप्पड़ मारने के बाद युवक के घर जेसीबी चली थी। इसे लेकर कांग्रेस भी मैदान में कूद गई है।27 अगस्त को बाणगंगा इलाके में कनीजा बी के मकान को नगर निगम ने अतिक्रमण में बताते हुए तोड़ा था। इस दौरान खूब हंगामा हुआ था। हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी और अतिक्रमण प्रभारी कमर शाकिब के बीच जमकर नोंक-झोंक हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे को जमकर आरोप लगाए थे। हालांकि, पुलिस के साए में कार्रवाई की गई और अतिक्रमण तोड़ा गया था। इसी मामले को मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लेकर नोटिस जारी किए हैं।कनीजा बी ने कांग्रेसियों के साथ मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जैन को शिकायत की और आयोग से संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाए जाने का अनुरोध किया। इसके बाद आयोग ने मामला संज्ञान में ले लिया। मामले में आयोग के अध्यक्ष जैन ने भोपाल कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (नगरीय) और निगम कमिश्नर से 9 सितंबर तक जवाब मांगा है।

### ये था मामला

20 अगस्त को न्यू मार्केट में नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। इसी दौरान अल्ताफ पिता बन्ने खां, एजाज, मनोज लोधी समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी थी। प्रभारी शाकिब ने रोका, तो उन्होंने धमकी देते हुए झूमाझटकी की और लात-घूंसे भी मारे थे। इस बीच अतिक्रमणकारियों ने कुछ अन्य कर्मचारियों को भी पीट दिया था। इससे शाकिब समेत कई कर्मचारियों को चोटें आई थीं। मामले में टीटी नगर थाना पुलिस ने अल्ताफ व अन्य को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद 27 अगस्त को अल्ताफ के मकान को तोड़ने की कार्रवाई की थी। अतिक्रमण प्रभारी शाकिब ने बताया, मकान के अतिक्रमण में होने की वजह से बिल्डिंग परमिशन शाखा ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। न्यू मार्केट मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

### कांग्रेस का भी विरोध

इस मामले में कांग्रेस ने भी विरोध जताया है। उन्होंने कार्रवाई को गलत ठहराया। विधायक पीसी शर्मा और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष जकी ने भी कार्रवाई का विरोध किया।

## प्रदेश में भोपाल फिसड्डी, 700 बीएलओ ड्यूटी से गायब, इन्हीं की वजह से हजारों लोग नहीं डाल सके थे वोट

**भोपाल,यशभारत।** 2013 में से 700 बीएलओ ड्यूटी से नदारद हैं, जो 1300 बीएलओ काम कर रहे हैं, उनमें से भी ज्यादातर फोन करके मतदाताओं से आधार नंबर मांग रहे हैं। फोन पर अनजान व्यक्ति को आधार नंबर देने से कई मतदाता इनकार कर रहे हैं। इसका नतीजा है कि भोपाल में अब तक 19.67 लाख में से केवल 6.14 लाख यानी 31.13 प्रतिशत मतदाताओं के ही आधार नंबर इकट्ठा हो सके हैं। यह पूरे प्रदेश में सबसे कम है। बीएलओ की इसी तरह की निष्क्रियता के कारण नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो चुके हैं। रायसेन रोड निवासी एके जैन बताते हैं कि उनके मोबाइल पर आए फोन पर एक व्यक्ति ने उनसे परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर मांगे। खुद को बीएलओ बताने वाले इस व्यक्ति को मैंने आधार नंबर देने से इनकार कर दिया, क्योंकि आधार बैंक खाते आदि से जुड़ा हुआ है। मुझे आशंका है, इसका दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति समक्ष में आकर मांगे तो ही हम आधार नंबर दे सकते हैं। कमला नगर में रहने वाले आरएस तिवारी ने कहा कि बीएलओ ने जब आधार नंबर मांगा तो हमने आधार नंबर पर दर्ज पता मतदाता सूची में दर्ज करने और उस हिसाब से नया मतदाता परिचय पत्र जारी करने को कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया। यह दो तो केवल उदाहरण हैं, शहर में अनेक लोग ऐसी शिकायतें कर रहे हैं।

### क्योंकि...बीएलओ को रिलीव नहीं कर रहे विभाग

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने ड्यूटी से नदारद 700 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। ज्यादातर का कहना है कि उनके विभाग प्रमुख उन्हें रिलीव नहीं कर रहे हैं। नतीजा, वे काम नहीं कर पा रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस काम के प्रति लापरवाही को देखते हुए वे संबंधित विभागों के कार्यालय प्रमुख (अफसरों) को नोटिस जारी करने जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि ऐसी स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

## खनिज राजस्व के 60 करोड़ मूलधन की वसूली के लिए, 150 करोड़ का ब्याज माफ होगा

**भोपाल, यशभारत।** मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मप्र योग आयोग के गठन को मंजूरी दी गई। जीवन शैली को स्वस्थ व निरोगी बनाने के लिए इस आयोग की गतिविधियों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से होगा। यह आयोग स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन रहेगा। योग के क्षेत्र में अति विशिष्ट योगदान देने वाले को आयोग का अध्यक्ष बनाया जाएगा। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष (पदेन) योग आयोग के उपाध्यक्ष रहेंगे। पांच अनुभवी व्यक्ति को अशासकीय सदस्य बनाया जाएगा। योग आयोग का पंजीयन सोसायटी एक्ट में होगा। अशासकीय सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा। खनिज राजस्व बकाया वसूली के लिए फिर समाधान योजना लाई जा रही है। योजना में 60 करोड़ 7 लाख रुपए के मूलधन की वसूली के लिए 150 करोड़ का ब्याज माफ होगा। विभाग 2018 में भी यह योजना लाया था, तब 43 करोड़ की तुलना में 8 करोड़ ही मिले थे, इस बार उम्मीद है कि राशि बढ़ेगी। वर्ष 1960-61 से वर्ष 2009-10 तक खनिज राजस्व बकाया पर देय ब्याज पूर्णतः माफ होगा। वर्ष 2010-11 से 2019-20 तक की अवधि में 5 लाख रुपए तक के बकाया पर देय ब्याज माफ होगा इससे अधिक बकाया पर ब्याज पर 18त्न छूट मिलेगी।

### अन्य फैसले

बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को थॉमस कप में स्वर्ण पदक अर्जित करने पर 10 लाख रुपए मिलेंगे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में 365 कंप्यूटर ऑपरेटर्स के पद बनेंगे। एक जिला मुख्यालयों पर और एक ब्लॉक स्तर पर होंगे। पदों की पूर्ति आउटसोर्सिंग संस्था से की जाएगी। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकाप्टर बैल-430 को 2 करोड़ 57 लाख 17 हजार 777 रु. में बेचेंगे।

## जंगली हाथियों के लिए मप्र-छग के बीच विकसित किया जाएगा कारीडोर

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश के लिए बड़ी समस्या बन चुके जंगली हाथियों को अब यहीं बसाने की तैयारी है। वन विभाग ने विशेषज्ञों से बात करके मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच कारिडोर विकसित करने का मन बना लिया है। उनके लिए तैयार किए जा रहे रास्ते में रहवास क्षेत्र विकसित करने के साथ ही उनके पसंद का भोजन (वनस्पति) और पानी की व्यवस्था की जाएगी। ताकि वे कारिडोर से बाहर निकलकर किसानों की फसलों का नुकसान न करें। वहीं कारिडोर और आसपास के ग्रामीणों को हाथियों के साथ रहने का हुनर सिखाया जाएगा। उन्हें बताएंगे कि हाथी सामने या आसपास आने पर कैसा व्यवहार करें। वन विभाग ने कार्ययोजना तैयार की है। जिस पर जल्द ही सरकार अंतिम मुहर लगाने वाली है। प्रदेश में हाथी पहले भी आते रहे हैं पर वर्ष 2008 से यहां डेरा ही डाल लिया है। वर्तमान में बांधवगढ़, कान्हा और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में 52 हाथी हैं, जो अब यहां से जाने को तैयार नहीं हैं।

# ओवरलोड मिले स्कूली बच्चों के आटो तो होगी कार्रवाई

## स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कटनी, यशभारत। स्कूलों के ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वालों पर कार्रवाई करें। स्कूल बच्चे बाइकों से आते हैं और सड़क आदि में वाहन पार्किंग करते हैं, ऐसे स्कूलों के संचालकों नोटिस जारी करें। नगर निगम, परिवहन विभाग व यातायात विभाग मिलकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा की बैठक में दिए। सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने ज्वाइंट कलेक्टर, सिविल सर्जन, लोक सेवा प्रबंधक व श्रम पदाधिकारी की टीम बनाकर लंबित प्रकरणों की जांच करने और वास्तविकता की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल परिसर में बारिश का पानी भरने को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम से व्यवस्था को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। आवारा श्वानों की नसबंदी कराने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए गए।



### जिला चिकित्सालय परिसर में हो पानी निकासी के माकूल इंतजाम

सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों में जायज शिकायतों का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश बैठक में दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर श्री मिश्रा ने सेंट्रल पीजी, सीएम हाउस, सीएम मानिट की शिकायतों की समीक्षा कर उनको तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। स्थानीय समाधान में चयनित शिकायतों पर समय पर जवाब प्रस्तुत नहीं करने वाले विभागों को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और तीन दिवस के अंदर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समय सीमा पर जवाब प्रस्तुत न करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएम अजय योजना, दिव्यांग पार्क विकसित करने सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी रोस्टर के अनुसार प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। माधवनगर रेस्ट हाउस के पास स्थित बालिका छात्रावास के मार्ग का निर्माण व प्रकाश की व्यवस्था कराने के साथ ही बैठक के बाद नगर निगम, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों को मौके का निरीक्षण कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## जिले में अब तक 704.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी, यशभारत।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 अगस्त की अवधि तक कुल 704.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 532.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 776.6 मिलीमीटर, रीठी में 813 मिली मीटर, बड़वारा में 605.5 मिलीमीटर, बरही में 653 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 735.6 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 699.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 573.8 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 801.4 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।



## नगर परिषद ने शासकीय शालाओं को वितरित किए बेंच और डेस्क

**कैमोर, यशभारत।** शासकीय शालाओं की मांग पर कैमोर नगर परिषद द्वारा गत दिवस बेंच और डेस्क का वितरण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बेंच और डेस्क वितरित करते समय नगर परिषद की अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने बच्चों से अपेक्षा की वे अपनी पढ़ाई लिखाई में ध्यान देकर देश के जिम्मेदार नागरिक बनेगें और अपने नगर का नाम रोशन करेंगे। नगर की जिन शासकीय शालाओं को बेंच और डेस्क का वितरण किया गया उनमें खलवारा बाजार स्थित हाईस्कूल एवं कैलाश नगर स्थित प्रायमरी स्कूल शामिल है। खलवारा हाइस्कूल को 80 नग बेंच एवं डेस्क का वितरण किया गया। वहीं कैलाश नगर की शाला को 34 बेंच और डेस्क प्रदान किये गए। खलवारा हाईस्कूल के निरीक्षण के दौरान रसोई घर जर्जर पाया गया। अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा एवं इंजीनियर हिमांशु गौतम को स्कूल में नए रसोईघर निर्माण के निर्देश दिए। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा, शिक्षा समिति की प्रभारी पार्षद पलक ग्रोवर उपाध्यक्ष संतोष केवट, पार्षद सुरेश परौहा, शांति यादव, शरीफपप्पू टेलर, अनिता कोल सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक पृथ्वी राज सिंह, इंजीनियर हिमांशु गौतम एव नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा सहित स्कूल की प्रभारी प्राचार्य अलका श्रीवास्तव तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी उपस्थिति रही। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव ने स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था के लिए नगर परिषद के प्रति आभार जताया।

## आबकारी विभाग की टीम ने जप्त की अवैध मदिरा



**कटनी, यशभारत।** मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण पर रोकथाम लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी आरके बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त बहोरीबंद की टीम ने ग्राम करहिया, रैपुरा, कैमोरी हार, घुघरा में मदिरा का अवैध निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वालों के ठिकानों पर दबिश दी। जिसमें आबकारी की टीम ने 850 किलोग्राम महुआ लाहन, 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट कराया गया। जब्त किए गए लाहन व मदिरा की अनुमानित कीमत 44,000 रूपये है।



## खेल दिवस पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** भारत सरकार के तत्वाधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखंड रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ ढीमरखेडा एवं कटनी में कुस्ती, खो–खो, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंडो में गठित युवा मंडलों महिला मंडलों के सहयोग में एवं नेहरु युवा कटनी की जिला युवा अधिकारी कु. कीर्तिका कुहर के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य कार्यक्रम समदाडिया कॉलोनी झेल मैदान में बालीबाल, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं की 04 टीमों ने भाग लिया। अतिथियों में नानक देवानी अधिवक्ता एससी झरिया वार्डन उत्कृष्ट सीनियर बालक, गोविन्द चावला पार्षद की रही। अंत में विजेता सूरज ग्रुप तथा उप विजेता रंजीत ग्रुप को अतिथियों द्वारा मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सफल बनाने में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धीरेन्द्र द्विवेदी एवं राष्ट्रीय एवं स्वयंसेवक अशोक चौहान का विशेष सहयोग रहा।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दी यातायात के नियमों की जानकारी



**कटनी, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी बरही एवं प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के नियमों, सड़क दुर्घटनाओं को कम कैसे किया जाए आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई और यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय में आयोजित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर यातायात के नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपायों से संबंधित पोस्टर बनाने के साथ स्लोगन लेखन का कार्य किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरके त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. एसएस धुर्वे, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आरजी सिंह, डॉ केके विश्ववकर्मा, सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, अनीता सिंह, डॉ. राकेश दुबे, मनीष मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी सहित अन्य जन उपस्थित थे।



## गणेश पंडालों में रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर पर रहेगा प्रतिबंध

### बिना वैध कनेक्शन बिजली का उपयोग मिला तो होगी कार्रवाई


**कैमोर, यशभारत।** 31 अगस्त बुधवार से शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेश पूजन पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुविभागीय पुलिस अधिकारी उमरावसिंह की अध्यक्षता में बीते 29 अगस्त को कैमोर थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट पार्षद गण एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के अलावा एसीसी तथा एवरेस्ट इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि और गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्री सिंह ने कहा कि गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है जो पूरे देश में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि भक्ति और आस्था के इस पर्व को शांति और सदभाव के साथ मनाएं साथ ही पर्व को लेकर शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का भी पालन करें। उन्होंने समितियों से अपील की वे जहां भी गणेश प्रतिमा की स्थापना करें इसकी जानकारी नगर परिषद को जरूर दें। पंडाल विवादित जगह पर न हो ना ही उससे यातायात में कोई व्यवधान हो। पंडालों में बिजली का टेम्परेरी कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। पंडाल के भीतर बिजली तार खुले न छोड़ें। रात्रि में समिति का कोई सदस्य या चौकीदार की मौजूदगी सुनिश्चित करें। लाउडस्पीकर की आवाज अधिक न हो। रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग बिल्कुल न करें। अनंत चतुर्दशी के दिन सभी प्रतिमाओं का सम्मिलित जुलूस निकालकर निर्धारित स्थल पर पूरे सुरक्षा इंतजामों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन करे। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी द्वारा सुझाव मांगे जाने पर लोगों ने जुलूस मार्गों में गड्ढे होने, साफ -सफाई नहीं होने और स्ट्रीट लाइट कई जगह बन्द होने की बात कही जिस पर उन्होंने नगर परिषद के सीएमओ और एसीसी के अधिकारियों से उचित व्यवस्था की अपेक्षा की। शांति समिति की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सुभाष ग्रोवर, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अजय पप्पू शर्मा, वरिष्ठ पार्षद सुरेश परौहा, अंजुमन कमेटी के सदर हाजी गुलाम भाई, नीलेश रजक, पूर्व पार्षद कुक्कू मौलाना, सुनीता मंगोरिया एसीसी के सुरक्षा प्रमुख नीरज सिंह एवं एवरेस्ट इंडस्ट्रीज के हेड एच आर उपस्थित रहे।

## कश्यप जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान

### शोभायात्रा में शामिल होने अपील

**कटनी, यशभारत।** श्री कसौधन वैश्य सभा कटनी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कश्यप जयंती समारोह आगामी 1 सितंबर को गांधीगंज स्थित श्री कसौधन वैश्य धर्मशाला में प्रातः 8 बजे से आयोजित किया गया है। प्रातः 8 बजे भगवान श्री कश्यप जी की पूजन अर्चन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महात्मा गांधी वार्ड से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा तथा निर्धारित मार्गो से होते हुए घंटाघर वापस पहुंचेगी तथा भवन में समापन होगा। शोभायात्रा में भजन एवं कीर्तन मंडली के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री कसौंधन वैश्य सभा के अध्यक्ष दर्शन गुप्ता ने बताया कि श्री कश्यप धर्मशाला गांधीगंज में शोभायात्रा के पश्चात समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। जिसमें कक्षा पांचवी आठवीं 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुडवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाजसेवी मनीष गेई व विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित साहू की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम की श्रंखला में सायं 6 बजे से श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कसौंधन वैश्य सभा के अध्यक्ष दर्शन गुप्ता ने स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया है कि शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाये। शोभायात्रा में महिलाएं पीली साडियों में तथा पुरूष वर्ग सफेद पोशाक में पहुंचे।




### एसीसी सीएसआर और नाद गुंजन कला का सराहनीय प्रयास

## खेल दिवस पर खेल प्रतिभाओं का सम्मान







**कैमोर,यशभारत।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले विश्व विजयी हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस पूरे देश सहित उद्योग नगरी कैमोर में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। एसीसी कैमोर के सीएसआर विभाग द्वारा इस अवसर पर नाद गुंजन कला के सहयोग से एक कार्यक्रम एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी के मार्गदर्शन एवं सीएसआर प्रमुख एनेट एफविश्वास के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में एसीसी की द्रोण परियोजना के तहत 2020- 21 में राज्य एव राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता का खिताब हासिल करने वाले 21 खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के माता-पिता को इस आयोजन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे जिले से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय भारय साथ ही ब्लॉक प्रभारी श्रीमती उमा चढ़ार, एसीसी लिमिटेड कैमोर सीमेंट वर्क्स से हेड सिक्योरिटी नीरज सिंह, सीएसआर हैड श्रीमती ऐनेट एफ विश्वास, पंकज द्विवेदी, एसीसी उच्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, खेल शिक्षक सुचिता, नाद गुंजन कला परिषद के अध्यक्ष मोहनदास नागवानी, श्रीमती वेणु शाक्या, कोच अनूप श्रीवास, वंदना डेविड और बच्चों के अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन सीएसआर हैड श्रीमती ऐनेट एफविश्वास ने किया। सभी विशिष्ट अथितियों ने बच्चों और अभिभावकों को खेलों के महत्व के बारे में बताया एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं का सांकेतिक कबड्डी मैच भी आयोजित किया गया।

## बारडोली कॉलेज में 10 दिवसीय व्यास दक्षता वर्ग का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** एकल अभियान संभाग महाकौषल भाग शारदा केन्द्र शारदा एवं रेवांचल भाग श्री हरि कथा 10 दिवसीय व्यास दक्षता वर्ग का आयोजन बारडोली महाविद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। समापन वेला में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक प. सुनील उपाध्याय एवं मुख्य अतिथि राकेष अग्रवाल ( प्रांत सेवा प्रमुख मध्यप्रदेष एवं छत्तीसगढ़) वर्ग में विषिष्ट अतिथि श्रीमति चित्रा दीदी एकल भाग प्रभारी सत्यदर्षन मिश्रा एकल अभियान भाग शारदा के भाग अध्यक्ष श्रीमान अनिल गर्ग भाग सचिव प्रियदर्शन बड़गैया भाग आरोग्य प्रभारी



निरंजन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक सुनील उपाध्याय ने बताया कि 10 दिवसीय व्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में हो रहा था जिसकी समाप्ति पर उन्होने कहा कि कार्यक्रम का उद्देष्य वर्तमान में प्रत्येक वर्ग का उत्थान सहित समाज के सभी वर्गो कों व्यास बनने अर्थात धर्मानुसार सभी को व्यास कार्य करने का अधिकार है। इस उद्देष्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय में यह आयोजन कराया गया। समापन कार्यक्रम महाविद्यालय के प. दीनदयाल आडिटोरियम में किया गया।




# भारत का हांगकांग से मुकाबला आज

## टीम इंडिया की निगाहें टॉप- 4 में जगह बनाने पर

दुबई , एजेंसी। 10 महीने पहले मिली हार का पाकिस्तान से हिसाब चुकता करने के बाद आज एशिया कप में भारतीय टीम हांगकांग से भिड़ेगी। हांगकांग ने क्वॉलिफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी 3 मुकाबले जीतकर एशिया कप के मुख्य दौर में जगह बनाई थी। यह मुकाबला शाम 7 :30 बजे से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरु होगा। सबसे पहले 2008 में भारत और हांगकांग की टीमें आमने-सामने हुई थीं। उस मुकाबले में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर्स में 4 विकेट गंवाकर 374 रन बनाए थे। पुराने साथी महेंद्र सिंह धोनी और सुरेश रैना दोनों ने शानदार शतक जड़ा था। धोनी 109 पर नाबाद रहे थे तो वहीं रैना ने 101 रन बनाए थे। बाद में हांगकांग की पूरी टीम केवल 118 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। भारत ने 256 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला जीत लिया था।इसके बाद 2018 में एशिया कप के ग्रुप ए मुकाबले में दोनों टीमों का सामना हुआ था। 50-50 ओवर के उस मुकाबले में भारत ने शिखर धवन के 127 रन की बदौलत 285 का स्कोर खड़ा किया था। हांगकांग की टीम ने भी रन चेज के दौरान दमदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट गंवाकर 259 रन बना लिए थे। इस तरह भारत को 26 रन से जीत मिली थी। एशिया कप 2018 के ग्रुप मुकाबले में हांगकांग के खिलाफ शतक जड़ने वाले शिखर इस बार टीम में नहीं चुने गए हैं।

### हांगकांग की 17 सदस्यों वाली टीम में सारे खिलाड़ी बाहरी

हांगकांग ने एशिया कप के लिए जो 17 सदस्यीय टीम चुनी है, उसमें एक भी खिलाड़ी हांग कांग का नहीं है। एशिया कप के लिए चुनी हांगकांग की टीम में 12 खिलाड़ी पाकिस्तानी मूल के हैं। वहीं 4 खिलाड़ी भारतीय मूल के हैं जबकि 1 खिलाड़ी ब्रिटिश मूल का है।

### टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनना चाहेंगी दोनों ही टीमें

पिच की बात करें तो फिर एक बार टॉस का बॉस बनने वाली टीम मुकाबले में बढ़त हासिल कर सकती है। इतिहास की बात करें तो दूसरी इनिंग में चेज करने वाली टीम को आसानी होती रही है। एशिया कप के भारत-पाकिस्तान मैच में एक और बात निकल कर आई थी। दरअसल पाकिस्तानी कप्तान और दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज बाबर आजम ने टॉस हारते ही मानो जीत की उम्मीद छोड़ थी। उनकी बॉडी लैंग्वेज डाउन दिखाई पड़ रही थी, जैसे मानो उन्होंने मुकाबला शुरु होने से पहले ही हथियार डाल दिए हों। आज के मुकाबले में दर्शकों को उम्मीद रहेगी कि जो भी टीम टॉस हारे, वह पूरी ताकत के साथ मैच में उतरे।

### क्वालिफायर्स में हांगकांग ने नहीं गंवाया था एक भी मुकाबला

भारतीय टीम की बात करें तो उसने पाकिस्तान को परास्त कर लगभग सुपर 4 में अपनी जगह पक्की कर ली है। जबकि हांगकांग की टीम पहली बार टूर्नामेंट में मैदान पर उतरेगी। अब क्वालिफायर्स मुकाबलों में हांगकांग के सफर की तरफ आते हैं। सबसे पहले हांगकांग ने सिंगापुर को 8 रन से हराकर अपना सफर शुरु किया। अगले मुकाबले में उसने कुवैत पर एकतरफा जीत हासिल की। अब जिस मैच में हांगकांग को उतरना था, वह करो या मरो का मुकाबला था। जिसके हाथ बाजी लगती, वही टीम एशिया कप के मुख्य ड्रॉ में पहुंच सकती थी।

### UAE को रौंद कर बनाई थी एशिया कप में जगह

घरेलू परिस्थितियों का फायदा श्व के साथ था, तो वहीं फॉर्म हांगकांग की जीत का इशारा कर रही थी। हांगकांग ने अपना विजय रथ जारी रखा और UAE को 8 विकेट से रौंद कर मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया। हांगकांग के लिए बाबर हयात और निजाकत खान ने लगातार रन बनाए हैं। गेंदबाजी में एहसान खान और ऐजाज खान की गेंदों में धार दिख रही है। इस बीच यसीम मुर्तजा का ऑलराउंड खेल भारतीय टीम पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच को हल्के में कतई नहीं लेना चाहेगी।

## हांग कांग के खिलाफ विराट कोहली का रिकॉर्ड ध्वस्त करने उतरेंगे रोहित शर्मा, इस लिस्ट में धोनी हैं नंबर 1

एशिया कप 2022 में भारत ने अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ किया। चिर-प्रतिद्वंदी टीम को हराने के बाद टीम इंडिया का अगला मैच हांग कांग के खिलाफ 31 अगस्त बुधवार को है। इस मैच को जीतकर भारत सुपर 4 में अपनी जगह पक्की करेगा। हांग कांग के खिलाफ टीम इंडिया के जीत दर्ज करते ही रोहित शर्मा विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। यह रिकॉर्ड है टी20आई क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का।रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने अभी तक 36 मुकाबले खेले हैं जिसमें मात्र 6 ही बार हार टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 30 बार भारत जीता है। वहीं विराट कोहली की बात करें तो कोहली ने बतौर कप्तान भारत को 50 में से 30 मुकाबले जीताए हैं। अगर रोहित कल जीत दर्ज करने में कामयाब रहते हैं तो वह टी20आई क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल कप्तान बन जाएंगे। बतौर कप्तान भारत को सबसे ज्यादा मैच जीताने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। इस पूर्व कप्तान की अगुवाई में भारत ने 72 में से 41 मुकाबले जीते हैं।

### टी20आई क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान

धोनी - 41 जीत
विराट कोहली - 30 जीत
रोहित शर्मा - 30 जीत

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने की विराट कोहली की आलोचना, कहा- वो कॉन्फिडेंट नहीं दिखे

पाकिस्तान पर पहले मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन में मुश्किल ही बदलाव करेंगे। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बावजूद रोहित शर्मा केएल राहुल और विराट कोहली को अधिक से अधिक मौके देना चाहेंगे ताकि वह अपनी लय हासिल करें। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित ने पंत के ऊपर कार्तिक को खिलाया था, हांग कांग के खिलाफ भी पंत का खेलना मुश्किल ही दिखाई दे रहा है।

## बॉक्स ऑफिस के हालात देख शाहरुख खान को लगा डर! ठुकराया डॉन 3 का ऑफर

मुंबई, एजेंसी। इन दिनों ऐसा लगता है कि बॉक्स ऑफिस हिंदी सितारों से नाराज है, शायद यही वजह है कि एक के बाद एक फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही हैं। बड़े बजट से लेकर बड़ी-बड़ी स्टाराकास्ट तक सभी की फिल्में फ्लॉप होती जा रही हैं। हाल ही में च्लाल सिंह चड्ढा, च्रक्षा बंधन बुरी तरह फ्लॉप हो गई है। पिछले हफ्ते रिलीज हुई पैन इंडिया फिल्म च्लाइगरज् के भी हालात सही नहीं हैं। बड़े-बड़े सितारों



की फिल्मों की ऐसी हालत सच में चौंकाती है। बॉलीवुड पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए अब किंग खान यानि शाहरुख खान ने एक अहम फैसला लिया है। शाहरुख खान ने कुछ दिन पहले बैक टू बैक तीन फिल्मों की घोषणा की थी। उनकी पठान, जवान और डंकी तीनों ही फिल्में पाइपलाइन में हैं। इसके अलावा शाहरुख खान हाल ही में फिल्म रॉकेट्री में कैमियो रोल में भी नजर आए थे। अब फैंस उनको बहुत जल्द डॉन 3 में देखने की इच्छा जता रहे हैं। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान ने इस फिल्म के लिए अभी मना कर दिया है। हाल ही में शाहरुख को ये फिल्म ऑफर हुई थी। फिल्म की स्क्रिप्ट को फरहान अख्तर ने लिखा है। लेकिन अब ऐसा सुनने में आ रहा है कि शाहरुख उस स्क्रिप्ट से संतुष्ट नहीं हैं। इसी वजह से उन्होंने अभी फिल्म को करने से मना कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब शाहरुख पूरी तरह से स्क्रिप्ट को लेकर आश्वस्त हो जाएंगे तो वह रोल को फिर करना चाहेंगे। चूंकि बॉक्स ऑफिस का सिनेरियो अभी ठीक नहीं चल रहा है, इसी वजह से वह किसी भी प्रोजेक्ट को साइन करने से पहले कई बार सोचना चाहते हैं। फिलहाल, फरहान फिर से डॉन 3 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। डॉन 3 तो अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर ही है, ऐसे में फिल्म को देखने के लिए अभी दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। तब तक फैंस शाहरुख खान को जवान और पठान में देख पाएंगे। शाहरुख की पठान सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी फिल्म है। इसमें उनके साथ जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी।अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा के फोटोज इंटरनेट पर वायरल, दोस्त की शादी कपल बनकर छाए रविवार 28 अगस्त को डिजाइनर कुणाल रावल और अर्पिता मेहता ने मुंबई में शादी की। रविवार को हुई इस शादी में अर्जुन कपूर, मलाइका अरोड़ा, शाहिद कपूर , मीरा राजपूत , रिया कपूर और कई सेलेब्स शामिल हुए।



## सनी लियोनी लेकर आ रही हैं धमाकेदार गाना, रेमो डिसूजा के साथ थिरकती आएंगी नजर

मुंबई, एजेंसी। फेस्टिवल सीजन की शुरुआत हो चुकी है। इस मौके पर अभिनेत्री सनी लियोनी एक धमाकेदार गाना पेश करने जा रही हैं। उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी है। सनी लियोनी इस गाने पर रेमो डिसूजा के साथ थिरकती नजर आएंगी। इस गाने का नाम है च्नाच बेबी। यह म्यूजिक वीडियो फैंस के त्योहारों के रंगों को और शानदार बना देगा। सनी लियोनी ने हाल ही में इसका पोस्टर जारी किया है। सनी लियोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ साझा करती नजर आती हैं। इसके अलावा वह अपने काम से जुड़ी अपडेट भी यहां शेयर करती हैं। हाल ही में सनी लियोनी ने अपने आगामी नए म्यूजिक वीडियो के बारे में जानकारी साझा की है। सनी लियोनी ने इस म्यूजिक वीडियो का पोस्टर पोस्ट किया है। इसमें वह और रेमो डिसूजा ट्रेडिशनल ड्रेस में नजर आ रहे हैं। दोनों डांस की मुद्रा बनाते दिख रहे हैं। सनी लियोनी ने अपने च्नाच बेबीज् गाने का पोस्टर साझा करते हुए शानदार कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने लिखा है, च्यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाला है। आपके साथ इस नए गाने को साझा करते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है। क्या आप नाच बेबी के लिए तैयार हैं? मेरा नया सिंगल...। बता दें कि यह गाना आगामी 6 सितंबर 2022 को रिलीज किया जाएगा।

## फिर भिड़ेंगी शिल्पा शिंदे और हिना खान

नई दिल्ली, ईएमएस। 10 में एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे का मुकाबला हिना खान के साथ होगा। ऐसा दूसरी बार होगा जब हिना खान और शिल्पा शिंदे आपस में टकराएंगे। इससे पहले रियलिटी टीवी शो बिग बॉस में दोनों एक आमने-सामने आ चुके हैं। हिना खान ने बिग बॉस सीजन 11 में शिल्पा शिंदे को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन विनिंग क्राउन शिल्पा शिंदे के नाम रहा था।

**दुश्मन नहीं दोस्त हैं हिना खान**- एक बार फिर से हिना खान से मुकाबला करने के बारे में शिल्पा शिंदे ने अपना रिएक्शन दिया है और कहा है कि वह हिना को अपनी दुश्मन नहीं कहेंगी क्योंकि वह उन्हें पसंद करती हैं। बता दें कि झलक दिखला जा का मुकाबला बिग बॉस के मुकाबले से पूरी तरह अलग होगा। इस कॉम्पटीशन में फिटनेस और बाकी चीजें ज्यादा इंपॉर्टेंट रहेंगी।

**शिल्पा बोलीं- तो मैं ही जीतूंगी**- हिना खान के साथ कॉम्पटीशन के बारे में पूछने पर शिल्पा शिंदे का रिएक्शन ऐसा था कि सभी को बिग बॉस की याद आ गई। शिल्पा शिंदे ने सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में कहा- तो मैं ही जीतूंगी। सिद्धार्थ ने पूछा कि अगर आप दोनों फिर मिलेंगे तो क्या दोस्त बनेंगी? इस सवाल पर शिल्पा ने कहा- तो वो चीजें जो बिग बॉस के घर के अंदर थीं।

## रादुविवि में खेल दिवस पर कोचों खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग ने राष्ट्रीय खेल दिवस कुंजीलाल परीक्षा गृह में कैंट विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में मनाया ।शुभारंभ मेजर ध्यानचंद की तैल चित्र पर फूल माला पहनाकर , सरस्वती वंदना के साथ किया गया । मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी, विशिष्ट अतिथि दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कपिल देव मिश्र कुलसचिव प्रोफेसर बृजेश सिंह सह कुलसचिव दीपेश मिश्र शिक्षा विभाग की प्रोफेसर अलका नायक एवं विभाग के



संचालक डॉ विशाल बनने का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया ।इस मौके पर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान एवं नगर के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक अनिल अब्राहिम, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजीकोच रिछपाल सिंह सलारिया ,फुटबॉल कोच नवीन कंडवाल ,डॉक्टर शालिनी यादव को श्रीफल स्मृति चिन्ह साल भेंट कर सम्मानित किया गया समारोह का मुख्य आकर्षण रहे एशिया खेल जकार्ता में ब्राउन पदक प्राप्त मुस्कान किरार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रागिनी मारो शक्ति सिंह पवन यादव। इन सभी खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में रानी दुर्गावती के लिए 22 पदक प्राप्त किए । पश्चिम क्षेत्र फुटबॉल प्रतियोगिता में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम में स्थान प्राप्त किया इन सभी खिलाड़ियों को खेल दिवस के अवसर पर अतिकियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के द्वार पर शिक्षक हेमंत शर्मा प्रवीण पांडे सुशील शर्मा कन्हैया राठौर मौजद रहे।

## पमरे में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे खेलकूद संघ के तत्वावधान में रेलवे स्टेडियम जबलपुर में अन्तर विभागीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इसमें लगभग 125 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरान्त शाम को पमरे महाप्रबन्धक ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मैडल देकर पुरस्कृत किया साथ ही विभिन्न विभागों की विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। खेल प्रतियोगिताओं में ओवरऑल चैम्पीयन की ट्रॉफी इलेक्ट्रीकल विभाग को तथा रनर-अप ओवर ऑल चैम्पीयन स्टोर विभाग ने जीती। इन प्रतियोगिताओं में आज महिला कल्याण संगठन की सदस्य महिलाओं ने भी हिस्सा लिया जिसमें एथलेटिक्स वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-श्रीमती सरिता पाठक, द्वितीय स्थान-श्रीमती वैशाली गुप्ता, तृतीय स्थान-श्रीमती अशोका विश्वास ने हासिल किया । इस गरिमामय पुरस्कार वितरण समारोह में




मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता तथा पमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों के अलावा अर्जुन अवार्डी, सेवा निवृत्त वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री मधु यादव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ अध्यक्ष एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल सरन माथुर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक वी. के. गुप्ता, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर.एस. सक्सेना, प्रमुख वित्त सलाहकार कार्तिक चैहान, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के. अलबेला, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी, सी. अहिरवार, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यवीर सिंह, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रमोद कुमार गुप्ता, मण्डल रेल प्रबन्धक जबलपुर संजय विश्वास, मण्डल खेलकूल अधिकारी अभिराम खरे तथा महाप्रबन्धक के सचिव श्री राहुल जयपुरियार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।इस अवसर पर महिला एवं पुरूषों की एथलेटिक्स 100 मीटर दौड, 400 मीटर दौ? 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिओं में तथा शॉट पुट, डिस्कस थ्रो प्रतियोगिताओं में निम्नानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

### महाकौशल खेल रत्न अलंकरण समारोह 2022 भव्य आयोजन

## सम्मान पाकर अभिभूत हुए खिलाड़ी नवीन को खेल शिरोमणि अलंकरण

**जबलपुर , यश भारत।** मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र की अग्रणी खेल संस्था महाकौशल जिला परिषद द्वारा हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों के क्षेत्र में अपना जलवा बिखेरने वाले वर्तमान व पूर्व सितारा खिलाड़ियों को यहां के स्थानीय शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी कुश्ती खेल के महाबली सतपाल पहलवान, बॉक्सिंग खेल के राजकुमार सांगवान, पावर लिफ्टिंग खेल की आरती अरुणा के आतिथ्य व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता तथा विधायक लखन घनघोरिया ,विनय सक्सेना के आतिथ्य में अलंकृत किया गया। आयोजन समिति के सौरभ शर्मा डॉ प्रशांत मिश्रा अशोक गुप्ता रवि पटेल राकेश तिवारी वीरेंद्र सिंह ठाकुर रमेश केसरवानी आरिफ बेग आशीष तिवारी हेमंत नायडू सुनील वर्मा राजेश राजपूत योगेंद्र तिवारी मनोज सेठ एवं शकील अनवर की उपस्थिति में जहां एथलेटिक खेल के कोच बाबा जाफरी को मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके परिजनों ने लिया। फुटबॉल खेल के नवीन चंद्र कंडवाल को महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकरण से सम्मानित किया गया तो वही महाकौशल की विभिन्न खेल हस्तियों को पगड़ी ब्लेजर टाई पहनाकर सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।







### यह बने महाकौशल खेल रत्न

शिवदास वर्मा हॉकी,नर्वदेश्वर पांडे वेटलिफ्टिंग नरेंद्र शर्मा ,अज्जू पहलवान कुश्ती अजीत कनौजिया एथलेटिक्स अक्षय चक्रवर्ती कुश्ती यश लाल फुटबॉल साहिल बर्मन कराटे विकास सिंह हैंडबॉल सुनील ताम्रकार कबड्डी, हर्ष घनघोरिया वूशु मोहनीश चक्रवर्ती पावर लिफ्टिंग नितेश कुमार साहू साइकिलिंग आसिफ अली बॉडीबिल्डिंग अरुण यादव ताइक्वांडो सुश्री निशा धुर्वे पावर लिफ्टिंग बृजेश कुमार उपाध्याय शतरंज कमल समद स्ट्रेंथ लिफ्टिंग विजेंद्र कुमार जाट पंजाब कुश्ती श्रीमती ज्योति पटेरिया वॉलीबॉल विजय रजक बॉडीबिल्डिंग श्रीमती विनीता शर्मा तैराकी सुश्री निवेदिता यादव हॉकी सुश्री आफरीन शेख खो खो सुश्री ओसीन सिंह बास्केटबॉल श्रीमती सुनीता यादव हॉकी दमोह सुश्री राजेश्वरी कुशराम कयाकिंग डिंडोरी देवेंद्र ठाकुर हॉकी सिवनी कुशाग्र चौबे बैडमिंटन मंडला आदित्य सिजरिया कराटे कटनी शामिल रहे।

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com | कटनी, बुधवार 31 अगस्त 2022 | फोन- 230033
यश भारत


### नंदावन में प्रौढ़ ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम नंदावन में एक 47 वर्षीय प्रौढ़ के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम नंदावन निवासी 47 वर्षीय भैयालाल चतुर्वेदी के द्वारा घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# बीना रेलखंड की कई ट्रेनें रद्द, कई के बदले मार्ग

## तिहरीकरण कार्य को लेकर रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** कटनी-बीना रेलखंड पर रेल लाइन के तिहरीकरण कार्य के तहत ईसरवारा और नरियावली स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे ने इस रेलखंड की कुछ यात्री गाड़ियों को रद्द व कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने इस रेलखंड की राज्यरानी एक्सप्रेस, विंध्याचल एक्सप्रेस व भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द करने तथा रेवांचल एक्सप्रेस व सोमनाथ एक्सप्रेस सहित कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है।

### रद्द रहेंगी ये ट्रेनें

रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11272/11271 भोपाल-इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस 02 सितंबर व 03 सितंबर को दोनों दिशाओं में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 01 सितंबर से 03 सितंबर तक तथा गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 02 सितंबर से 04 सितंबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस 02 सितंबर एवं 03 सितंबर तथा गाड़ी संख्या 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 03 सितंबर एवं 04 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से रद्द रहेगी।

## परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये गाड़ियां



रेलवे ने बताया कि 03 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 02185/02186 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रेवांचल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर रीवा आएगी व जाएगी। इसी प्रकार 02 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर रीवा जाएगी। इसी तरह 02 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-इटारसी-भोपाल तथा 03 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11465 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-इटारसी होकर जबलपुर जाएगी। इसी प्रकार 01 सितंबर एवं 03 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22911 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदा रामनगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर हावड़ा जाएगी। वहीं 01 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22912 हावड़ा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदा रामनगर होकर इंदौर जाएगी। इसी प्रकार 01 सितंबर एवं 02 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदा रामनगर होकर अहमदाबाद जाएगी। वहीं 02 सितंबर एवं 03 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदा रामनगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर गोरखपुर जाएगी। इसके अलावा 02 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया संत हिरदराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर दरभंगा जाएगी।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इतवारी एक्सप्रेस निरस्त

**कटनी, यशभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान रीवा से इतवारी के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11754 रीवा से इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन रीवा से आज 31 अगस्त व 03 सितंबर तथा वापसी में गाड़ी संख्या 11753 इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन इतवारी से 01 सितंबर व 04 सितंबर को निरस्त रहेगी।



## बिचुआ में अधूरी नल जल योजना कागजों में हो गई पूरी

### पूर्व सरपंच और सचिव ने पीएचई पर लगाये फर्जीवाड़े के आरोप, जनपद अध्यक्ष ने दिए जांच के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिचुआ में अधूरी पड़ी नल जल योजना को कूटरचित दस्तावेजो के सहारे पूर्ण दिखाने और पंचायत के हैंड ओवर किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद निवर्तमान सरपंच और सचिव ने इसकी शिकायत जनपद में सौपी है। जिसे गंभीरता से लेते हुए जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीताबाई ने पीएचई के कार्यपालन यंत्री को पत्र लिखकर फर्जीवाड़े के मामले में ठेकेदार, उपयंत्री और सहायक यंत्री की भूमिका की जांच कराकर दोषियों पर कारवाई करने और अधूरे कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि काम अधूरा होने के बावजूद राशि भुगतान के लिए संबंधित दस्तावेजो में फर्जी हस्ताक्षर के योजना को हैंड ओवर होना तक दर्शा दिया गया है जबकि अभी पाइप लाइन अधूरी है। लोग पानी के लिए परेशान है। पूर्व में सरपंच और सचिव सीधे एसडीओ पीएचई को शिकायत दे चुके है लेकिन मामले में पर्दा डाला जा रहा है। जांच और कार्यवाही से जनपद को अवगत कराया जाए।

### पूरे मामले पर एक नजर

जनपद पंचायत कटनी की बिचुआ ग्राम पंचायत में पीएचई ने नल जल योजना के पाइप विस्तारीकरण कर घर घर पानी पहुंचाने के लिए दो साल पहले 38 लाख 32 हजार की योजना को स्वीकृति दी गई थी। जिसमें 3200 मीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाकर 369 नल कनेक्शन दिये जाने थे। यह कार्य पीएचई अधिकारियों की देखरेख में पूर्ण कर संचालन का प्रशिक्षण देकर पंचायत को सौपने के निर्देश थे। अभी तक गांव में केवल 2000 मीटर पाइप और आधे कनेक्शन हुए है। जिससे ठेकेदार को राशि का समुचित भुगतान नहीं हो सकता है। आरोप है कि ठेकेदार, उपयंत्री और सहायक यंत्री ने पंचायत चुनाव के दौरान फर्जी हस्ताक्षर से योजना पूर्ण होने और राशि के बंदरबांट का खेल खेला लेकिन इसकी भनक सचिव और निवर्तमान सरपंच को लग गई। जिसके खुलासा होने के बाद से विभाग में हड़कंप है।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे बालाजी नगर के नागरिक

## बांस बल्लियों के सहारे सड़क पर झूल रहीं तारें, सड़क व नाली का भी अभाव





**कटनी, यशभारत।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 शिवनगर कॉलोनी के समीप स्थित बालाजी नगर में विगत 10 वर्षों से यहां के वाशिंदे मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव देहात से भी बद्तर जीवन जीने के लिए विवश सैकड़ों परिवार के लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्या से हलाकान हो गए हैं। बिजली की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के रहवासी बांस-बल्लियों के सहारे घरों तक बिजली लेकर गए हैं। करंट दौड़ रही तारें जमीन में पड़ी हैं, जिसमें दिनभर मवेशी टकराते हैं। यह लापरवाही गंभीर हादसों को दावत हो रही है। क्षेत्रीय निवासी मुकेश गुप्ता, डॉ. कार्तिकेय, शुभम दुबे आदि ने बताया कि विद्युत मंडल एवं नगर निगम से शिकायत कर मांग करने के बावजूद भी आजतक विद्युत पोल की व्यवस्था नहीं की गई। नगर निगम प्रशासन एवं विद्युत मंडल एक दूसरे पर टालमटोल करते हुए पीड़ित लोगों को बरसों से नियम शर्तों के जाल में लटकाए हुए हैं जबकि शहर की कई कालोनियों में सुविधाएं दी गई हैं। नगर पालिक निगम के चुनाव के दौरान यहां के बाशिंदों को विद्युत पोल एवं सड़क के निर्माण का लॉलीपॉप दिया गया था लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद अभी यहां की सुध नहीं ली गई। महापौर प्रीति सूरी से बालाजी नगर के रहने वाले सैकड़ों परिवार के लोगों ने मांग की है कि विद्युत मंडल से घरों तक विद्युत पोल की विधिवत विद्युत सप्लाई की व्यवस्था कराई जाए। सड़कों का निर्माण कराया जाए।

### आए दिन करेंट की चपेट में आ रहे मवेशी

बालाजी नगर निवासी आदित्य चौदहा, सुरेंद्र चौधरी सहित कई लोगों ने बताया कि बालाजीनगर में नगर निगम एवं विद्युत मंडल द्वारा विद्युत पोल की व्यवस्था नहीं किए जाने पर विद्युत सप्लाई के लिए लकड़ी की बल्लियों का सहारा लेकर तारों को खींचा गया है। करीब 2 से 4 किलोमीटर तक करंट प्रवाहित तारों के जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने पर नंगी तारें सड़क पर पड़ी है जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। कई बार मूक मवेशियों की मौत हो गई है। लोगों ने कहा कि नगर निगम एवं विद्युत मंडल यदि अनुमति प्रदान करें तो यहां रहने वाले सभी लोग चंदा करके स्थायी व्यवस्था के लिए विद्युत पोल लगवा सकते हैं। सड़क का निर्माण भी करा सकते हैं इसके बावजूद भी नियम और शर्तों का हवाला देते हुए दोनों विभाग समस्या का समाधान करने से परहेज कर रहे हैं।

## मंदिर से पत्थर की मूर्तियां ले गए चोर

### बिलहरी के शारदा माता मंदिर में घटना से आक्रोश

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बिलहरी स्थित शारदा माता मंदिर परिसर में विराजमान पत्थर की मूर्तियां चोरी जाने की घटना प्रकाश में आई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलहरी के शारदा माता मंदिर परिसर में विराजमान पत्थर की मूर्तियों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।

मंदिर से जो पत्थर की मूर्तियां चोरी गई हैं उनमें एक अर्धनारी प्रखर ढाई फीट, 3 मूर्ति शिव चेहरे की अलग प्रकार की, एक मूर्ति विष्णु भगवान की शामिल हैं। मंदिर से मूर्तियों चोरी जाने के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।











**आवश्यकता है**
ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित (ट्रेंड) लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन चार अंकों में।
संपर्क करें
मो. 7999455707, 7477265661







यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)